


आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि

दैनिक

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924

# क्षितिज ✌ किरण

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना वर्ष-14, अंक -03 जबलपुर, गुरुवार 30 जनवरी 2025 कीमत-70 पैसे पृष्ठ-8 संपादक अरुण श्रीवास्तव


# महाकुंभ भगदड़ में 30 लोगों की मौत, 60 घायल







## लाशों के बीच अपनों की तलाश, जमीन पर तड़पते लोग

प्रयागराज-(आरएनएस)। प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान मैचे भगदड़ में 30 लोगों की जान गई है। इस बात की जानकारी उत्तर प्रदेश के अधिकारियों ने दी है। महाकुंभ नगर मेला क्षेत्र के डीआईजी वैभव कृष्ण ने बताया कि भगदड़ मचने के बाद हमने ग्रीन कॉरिडोर बनाया। उसके बाद घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। इस भगदड़ में 60 लोग घायल हुए हैं। 30 में से 25 मृतकों की पहचान हो चुकी है। भारी भीड़ के चलते यह भगदड़ मची थी। हालांकि राहत की बात यह रही कि कुछ देर के अफरा तफरी के बाद स्थिति को पूरी तरीके से नियंत्रित कर लिया गया।

डीआइजी वैभव ने कहा कि आज किसी भी वीआईपी का इलाज



परिजन ने शव का हाथ नहीं छोड़ा, डर था बॉडी खो न जाए

नहीं किया गया और महाकुंभ में मौजूद हर व्यक्ति का इलाज बिना प्रोटोकॉल के किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस 'हादसे' को 'अत्यंत दुखद' करार दिया और इसमें अपने परिजनों को खोने वाले श्रद्धालुओं के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। इस बीच, अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद ने भगदड़ को विपक्ष की 'साजिश' बताते हुए इसे जांच का विषय करार दिया है। हादसे के मद्देनजर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से चार बार बात करने के बाद मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि वह उत्तर प्रदेश सरकार के साथ निरंतर संपर्क में बने हुए हैं।

बाद में दिल्ली विधानसभा चुनाव के मद्देनजर करतार नगर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, ''जो दु:खद हादसा हुआ है, उस हादसे में हमें कुछ पुण्यात्माओं को खोना पड़ा है, कई लोगों को चोट भी आई है। मैं प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं।'' उन्होंने कहा, ''मैं उत्तर प्रदेश सरकार के साथ निरंतर संपर्क में हूं। मौनी अमावस्या की वजह से करोड़ों श्रद्धालु आज वहां पहुंचे हुए हैं। कुछ समय के लिए स्नान की प्रक्रिया में रुकावटें आई थी। लेकिन अब कई घंटों से सुचारू रुप से श्रद्धालु स्नान कर रहे हैं। मैं एक बार फिर परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं।'' मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भगदड़ के बाद स्थिति की समीक्षा के लिए लखनऊ में मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक समेत अनेक वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक करने के बाद संवाददाताओं से कहा कि हादसे में कुछ श्रद्धालु 'गंभीर रूप से घायल' हुए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि हादसे के बाद प्रात्काल से ही प्रधानमंत्री मोदी ने लगभग चार बार हाल-चाल लिया है। उन्होंने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा और राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने भी हादसे के संबंध में जानकारी ली है।

## प्रयागराज में बेकाबू भीड़, बैरिकेडिंग तोड़ मेले में घुसे लोग

प्रयागराज.(आरएनएस)। महाकुंभ में शाम होते-होते भीड़ तेजी से बढ़ती जा रही है. हर तरफ सिर्फ सिर ही सिर दिखाई दे रहे हैं. प्रयागराज की सड़कों से लेकर गलियां तक फुल हैं. भीड़ संभालने के लिए प्रशासन ने जगह-जगह बैरिकेडिंग कर रखी है. लेकिन, आने वाली भीड़ बैरिकेडिंग तोड़ दे रही है. ऐसा ही शास्त्री ब्रिज पर देखने को मिला. यहां भीड़ ने बैरिकेडिंग तोड़ दी और पुल से डायरेक्ट नीचे उतरकर मेले के अंदर चले गए. वहीं,



महाकुंभ नगर एक बार फिर विश्व का सबसे बड़ा जिला बन गया. आज प्रयागराज की आबादी साढ़े 4 करोड़ का आंकड़ा पार कर गई. मंगलवार को अभी तक 3.90 करोड़ श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं. इसमें अगर जिले की आबादी करीब 70 लाख जोड़ ली जाए, तो प्रयागराज में एक दिन की संख्या 4.60 करोड़ रिकॉर्ड की गई. ऐसे में आबादी के लिहाज से विश्व के सबसे बड़े शहर टोक्यो को भी प्रयागराज ने पीछे छोड़ दिया.

## महाकुंभ हादसे पर भावुक हुए सीएम योगी, दिए न्यायिक जांच के आदेश, मृतकों के परिजनों को 25 लाख की आर्थिक सहायता का ऐलान



प्रयागराज- महाकुंभ में हुए हादसे के उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने न्यायिक जांच के आदेश दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने मृतक के परिजनों को 25 लाख की आर्थिक सहायता देने का ऐलान किया है। सीएम योगी ने कहा कि 30 के आसपास लोगों की मृत्यु हुई है। इसके साथ ही पुलिस के स्तर से भी जांच की बात सीएम योगी की तरफ से कही गई है। महाकुंभ में मची भगदड़ पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मौनी अमावस्या पर पवित्र डुबकी लगाने के लिए कल शाम 7 बजे से बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रयागराज में एकत्र हुए थे। अखाड़ा मार्ग पर एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई जिसमें 90 से अधिक लोग घायल हो गए और 30 लोगों की मौत, 36 लोगों का इलाज चल रहा है,

## महिलाएं नीचे गिरीं, भीड़ कुचलती चली गई; पांटून पुल बंद थे तो जान बचाने कूदे लोग



## भगदड़ पर प्रधानमंत्री मोदी ने जताया दुख, बोले- लगातार राज्य सरकार के संपर्क में हूं



नई दिल्ली-(आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाकुंभ में भगदड़ में अपने परिवार के सदस्यों को खोने वाले श्रद्धालुओं के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और इस त्रासदी को बेहद दुखद बताया। मोदी ने एक्स पर लिखा कि प्रयागराज महाकुंभ में हुआ हादसा अत्यंत दुखद है। इसमें जिन श्रद्धालुओं ने अपने परिजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। इसके साथ ही मैं सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। स्थानीय प्रशासन पीड़ितों की हरसंभव मदद में जुटा हुआ है। इस सिलसिले में मैंने मुख्यमंत्री योगी जी से बातचीत की है और मैं लगातार राज्य सरकार के संपर्क में हूं। मौनी अमावस्या पर अमृत स्नान महाकुंभ का सर्वाधिक महत्वपूर्ण आयोजन होता है और इसमें करीब दस करोड़ लोगों के गंगा में डुबकी लगाने की संभावना है। इस वर्ष, 144 वर्षों के बाद त्रिवेणी योग नामक एक दुर्लभ खगोलीय संयोग बन रहा है, जो इस दिन के आध्यात्मिक महत्व को और बढ़ा रहा है।

## प्रयागराज महाकुंभ में भगदड़ के बाद रेलवे का बड़ा ऐलान, सभी स्पेशल ट्रेनें रद्द, कई गाडियां बीच रास्ते रोकी, अफरातफरी मची

महाकुंभ नगर (प्रयागराज).(आरएनएस)। महाकुंभ में बुधवार को मौनी अमावस्या पर्व पर भगदड मचने के बाद रेलवे ने बड़ा फैसला किया है. रेलवे ने महाकुंभ स्पेशल ट्रेनों को फिलहाल अगले आदेशों तक रद्द कर दिया है. इसके अलावा जिन ट्रेनों को प्रयागराज आना था, उन्हें पिछले स्टेशनों पर रोक दिया गया है. कुछ ट्रेनों के रूटों को डायवर्ट कर दिया गया है. ट्रेनों को पिछले स्टेशनों पर रोके जाने से उसमें सवार यात्रियों में जबर्दस्त आक्रोश है, जिसे देखते हुए




आरपीएफ, जीआरपी एलर्ट मोड पर है. वहीं, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी श्रद्धालुओं से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें. मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी पोस्ट में कहा गया, श्रद्धालुओं से अपील है कि मां गंगा के जिस घाट के समीप हैं, वहीं स्नान करें, संगम नोज की ओर जाने का प्रयास न करें. प्रशासन के निर्देशों का अनुपालन करें, व्यवस्था बनाने में सहयोग करें. किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें.

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, साहित्यकार पत्रकार विचित्र कुमार सिन्हा की स्मृति में होने वाले सम्मान के लिए चयन समिति गठित

### 14 फरवरी को नर्मदा महाविद्यालय में आयोजित होगा विभूतियों का सम्मान समारोह

नर्मदापुरम। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, लेखक, कवि, मूर्धन्य पत्रकार समाजसेवी, स्व विचित्र कुमार सिन्हा की स्मृति में 14 फरवरी को नर्मदा महाविद्यालय के आडिटोरियम सभाग्रह में सम्मान समरोह आयोजित होगा। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष नर्मदापुरम विधायक डॉ सीतासरन शर्मा की उपस्थिति व अनुशंसा पर सम्मानित होने वाली विभूतियों के सम्मान के लिए चयन समितियों का गठन हुआ।



जिसमें स्वतंत्रता संग्राम सेनानी चयन समिति में ललित जैन, राजकुमार वर्मा, विलक्षण सक्सेना, शैलेन्द्र नाथ श्रीवास्तव। कर्मठ राजनैतिज्ञ सम्मान चयन समिति में डॉ सीता सरन शर्मा अभय वर्मा केके सक्सेना, भूपेन्द्र चौकसे। पत्रकारिता सम्मान चयन समिति में डॉ सीता सरन शर्मा, बलराम शर्मा, अजय श्रीवास्तव, विलक्षण सक्सेना। समाजसेवी सम्मान चयन समिति में डॉ सीता सरन शर्मा, शास्त्री नित्य गोपाल कटारे, शरीफ राइन, श्याम राय। साहित्य सेवी सम्मान चयन समिति में डॉ सीता सरन शर्मा, केके सक्सेना, पं गिरीमोहन गुरू, अभय वर्मा। पत्र छायाकार सम्मान चयन समिति में बलराम शर्मा, श्रीमती भावना सक्सेना, श्रीमती हिना अली, कमल चव्हाण। विधी सेवी सम्मान चयन समिति में विलक्षण सक्सेना, केके थापक, तुकाराम यादवेश, अजय श्रीवास्तव, कुशल प्रशासक सम्मान चयन समिति में अजातशत्रु श्रीवास्तव, अरूण भट्ट, केके सक्सेना, वीरेन्द्र बाथम। जन संचार सेवी सम्मान चयन समिति में सुरेश गुप्ता, लाजपत आहूजा, एचएल चौधरी, केके सक्सेना के नाम तय हुए हैं। चयन समितियां जल्द ही सम्मानित होने वाली विभूतियों के नाम का चयन करके घोषणा करेंगी।

## महाकुंभ भगदड़ में छतरपुर की महिला की मौत, बेटी गंभीर, ग्वालियर के दम्पति लापता, यूपी बार्डर पर 25 किमी लम्बा जाम, रोके गए श्रद्धालु

छतरपुर/ग्वालियर.(आरएनएस)। महाकुंभ में मची भगदड़ में छतरपुर की एक महिला की मौत हो गई है. वहीं उनकी बेटी गंभीर रुप से घायल हो गई है. इसके अलावा ग्वालियर के भितरवार क्षेत्र के दम्पति लापता हो गए है. प्रयागराज कुं भ में अभी तक 20 से ज्यादा लोगों की मौत होने की खबर है. कुंभ में बढ़ती भीड़ को देखते हुए रीवा चाकघाट में एमपी-यूपी बार्डर पर 25 किलोमीटर तक लम्बा जाम लगा है. खबर है कि आज मौनी अमावस्या के कारण प्रयागराज महाकुंभ में भीड़ के बीच मची भगदड़ में छत्तरपुर की महिला हुकुम लोधी व उनकी बेटी दीपा लोधी फंस गई, हादसे में महिला के शरीर पर गंभीर चोटें आने के कारण मौके पर मौत हो गई. वहीं उनकी बेटी दीपा के शरीर पर गंभीर चोटें आने के कारण अस्पताल पहुंचाया गया है. मां-बेटी बक्सवाहा के आसपास के गांव के 15 लोगों के साथ 27 जनवरी को प्रयागराज गई थीं. इसके अलावा भितरवार के हरि साहू और उनकी पत्नी शकुंतला साहू भीड़ के कारण लापता हो गए है. कुंभ में भीड़ और न बढ़े, इसलिए उत्तर प्रदेश बॉर्डर से सटे जिलों में श्रद्धालुओं को रोक दिया गया है. प्रयागराज से करीब 250 किलोमीटर दूर ही वाहनों का प्रवेश दो दिन के लिए बंद कर दिया गया है. एमपी के श्रद्धालुओं को रीवा जिले के चाकघाट के पास रोका गया है. पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अभी सिर्फ रीवा की तरफ जाने वाला ट्रैफिक क्लियर है.

## जापान में भारतीय समुदाय और 'फ्रेंड्स ऑफ एमपी' के साथ मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने की चर्चा

जापान-(आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने अपने जापान दौरे के दूसरे दिन अहम बैठकों के बाद भारतवंशियों और फ्रेंड्स आफ एमपी के सदस्यों के साथ इंटरेक्शन सेशन में चर्चा की। उन्होंने प्रवासी भारतीयों की प्रशंसा करते हुए कहा कि आपने कई कष्टों और चुनौतियों का सामना कर आज जापान जैसे देश में अपनी जगह बनाई है। आज हम जो काम करने आए हैं वो आप बरसों पहले कर चुके हैं। आपने जो नींव तैयार की है उसका फायदा भारत की आने वाली पीढ़ियों को मिलेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि एक पत्रकार ने मुझसे सवाल पूछा कि दूसरे देशों में भारतवासियों की संख्या बढ़ रही है इस पर क्या सोचते हैं उनका भविष्य कैसा होगा ? तो मैंने जवाब दिया कि भारतवासी जहां भी जाएंगे, इनकी भूमिका सदैव एक जैसी रहेगी। ये हमेशा दूध में शक्कर की तरह घुलमिल कर रहेंगे। क्योंकि भरतवंशी कहीं भी रहे उनके अपने रहन-सहन और व्यवस्थाओं में हमारा दर्शन छिपा हुआ है। यह दर्शन हमेशा उनको





अच्छाई से जोड़ता है। कोई दूसरा व्यक्ति चुनौतियों से पार न पा सके लेकिन भारतवंशी अपनी जीवन शैली, सिद्धांत और ललक के बलबूते पर हर कठिनाई चुनौती को पार कर लेते हैं। अंधेरे से प्रकाश में ले जाने वाला विश्वगुरु है भारत मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि भारत हजारों साल पुरानी अपनी संस्कृति में कभी किसी देश पर आक्रमण नहीं किया, किसी देश की सीमा को अपनी सीमा में नहीं मिलाया। बल्कि हम तो विश्व गुरु की तरह बढ़ना चाहते हैं। अंधेरे से प्रकाश की ओर ले जाने वाला मार्ग ही गुरु है। बदलते दौर में भारत सीना तान कर खड़ा है। उसमें यह स्वाभिमान भी है कि हम अपने सभी धर्म का सम्मान करने वाले लोग हैं।




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना रांझी में स्वेता महात्मा उम्र 21 वर्ष निवासी रामनगर व्हीकल रोड रांझी ने लिखित शिकायत की कि उसकी सहेली जानवी कोरी एंव जानवी के साथी आर्यन महोबिया द्वारा छात्रवृत्ति दिलवाने के नाम से उसके नाम से भारतीय स्टेट बैंक शाखा रांझी में बचत खाता खुलवाया गया था एवं बैंक खाते में जोड़ने के लिये आर्यन महोबिया ने एक मोबाइल नम्बर दिया था तथा खाता खुलवाने के बाद उसकी सहेली जानवी कोरी एवं जानवी कोरी के साथी आर्यन महोबिया ने उसके खाते की ओरिजनल पासबुक अपने पास ही रख ली थी

**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद जबलपुर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद महाकौशल प्रांत के लोकार्पण समारोह में शामिल हुए एवं प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने मीडिया से चर्चा की**

# महाकुंभ की दुखद घटना पर कांग्रेस की राजनीति दुर्भाग्यपूर्ण

## पीड़ितों की सहायता के लिए हरसंभव कदम उठा रही सरकार - विष्णुदत्त शर्मा

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा एवं प्रदेश संगठन महामंत्री श्री हितानंद जी ने बुधवार को जबलपुर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद महाकौशल प्रांत के नवीन भवन के लोकार्पण समारोह में शामिल हुए। तत्पश्चात पूर्व मंत्री श्री अंचल सोनकर के बड़े भाई स्वर्गीय चंद्रिका प्रकाश सोनकर के निधन पर उनके निवास पहुंचकर शोक व्यक्त किया एवं मंडल अध्यक्ष श्री योगेश लोखण्डे के निवास पहुंचकर उनकी माताजी से भेंटकर कुशलक्षेम जाना।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री विष्णुदत्त शर्मा ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि महाकुंभ में हुई दुर्घटना दुखद है। लेकिन कांग्रेस पार्टी इस दुखद घटना पर भी राजनीति कर रही है, वह दुर्भाग्यपूर्ण है। जो लोग हताहत हुए हैं, उनके प्रति गहरी संवेदनाएं हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी लगातार स्थिति व व्यवस्था पर नजर बनाए हुए हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा की केंद्र व राज्य सरकारें सनातन व सामाजिक समरसता की ताकत को मजबूत कर रही हैं।

### सरकार ने किए पर्याप्त इंतजाम, करोड़ों लोग प्रतिदिन कर रहे स्नान

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि महाकुंभ के सफल आयोजन के लिए बहुत अच्छे और पर्याप्त इंतजाम किए हैं। लेकिन यह दुनिया का सबसे बड़ा आयोजन है और लोगों की आस्था से जुड़ा है। मौनी अमावस्या के पावन पर्व पर यहां श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा, जिसके कारण यह घटना हुई। योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व वाली उत्तरप्रदेश सरकार ने महाकुंभ में व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त इंतजाम किए हैं। ऐसे में अगर किसी वजह से कोई अप्रिय घटना हो जाती है, तो उसे उसी रूप में देखना चाहिए। प्रयागराज महाकुंभ में करोड़ों-करोड़ श्रद्धालु प्रतिदिन स्नान कर रहे हैं।

### सनातन पर हमला कांग्रेस की पुरानी आदत, ये दोहरे चरित्र के लोग

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि कांग्रेस इस दुखद घटना पर भी राजनीति कर रही है, क्योंकि सनातन धर्म, हिंदुत्व और उससे जुड़ी परंपराओं को बदनाम करना, उन पर आक्रमण करना कांग्रेस की पुरानी आदत रही है। अभी हाल ही में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने महू में कहा था कि स्नान करने से क्या होता है? सनातन पर हमला करने का यही काम राहुल गांधी कर रहे हैं। श्री शर्मा ने कहा कि कांग्रेस शुरू से सनातन पर आक्रमण करती रही है और हम सनातन को मानने वाले लोग हमेशा अपने-आपको बलिदान करते रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे और राहुल गांधी दोहरे चरित्र के लोग हैं। ये सीधी-सीधे सनातन पर आक्रमण करने वाले लोग हैं। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव के पिताजी तो राम मंदिर आंदोलन के समय मख्यमंत्री थे, जिन्होंने निहत्थे लोगों पर गोलियां चलवा दी थी। जिस तरह की बातें ये सनातन के खिलाफ करते रहे हैं, किसी अन्य धर्म के बारे में करके दिखाएं। श्री शर्मा ने कहा कि देश की जनता कांग्रेस पार्टी और उसके सहयोगियों के सनातन विरोधी चेहरे को पहचानती है और वही उन्हें जवाब देगी।

### अंग्रेजों की तरफ फूट डालना चाहती है कांग्रेस

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री विष्णुदत्त शर्मा ने राहुल गांधी द्वारा जातिगत जनगणना की बात को लेकर कहा कि कांग्रेस पार्टी कुछ नहीं करने वाली। कांग्रेस में आज भी अंग्रेजों के जींस हैं और वह भी अंग्रेजों की ही तरह फूट डालो और राज करो की नीति पर चल रही है। कांग्रेस भी हमारे देश और समाज को बांटना चाहती है। जातिगत जनगणना की बात करना भी कांग्रेस का ऐसा ही पैंतरा है।

# जबलपुर को रेल विभाग देने जा रहा कई सौगात-सांसद आशीष दुबे



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जबलपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद श्री आशीष दुबे द्वारा लोकसभा में उठाये गए बिंदुओं के तारतम्य में केंद्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने पत्र लिखकर दी जानकारी जबलपुर संसदीय क्षेत्र को रेल विभाग की ओर से बहुत सी सौगात मिलने जा रही है। केन्द्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने जबलपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद श्री आशीष दुबे को एक पत्र में इस आशय की जानकारी दी है। पत्र में केन्द्रीय रेल मंत्री श्री वैष्णव ने इस बात का उल्लेख किया है कि जबलपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद श्री आशीष दुबे ने अपने संसदीय क्षेत्र में रेल विभाग से संबंधित विकास और सुविधाओं में वृद्धि के लिये लोकसभा में जो मुद्दे उठाये थे उसी तारतम्य में रेल विभाग जबलपुर को कई नई सौगात प्रदान कर रहा है। जबलपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद श्री आशीष दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि रेल मंत्री ने जबलपुर संसदीय क्षेत्र के लिये रेल विभाग से संबंधित कई विकास कार्यों की स्वीकृति दिये जाने की सूचना उन्हें एक पत्र के माध?यम से दी है। बताया गया है कि जबलपुर संसदीय क्षेत्र की महत्वपूर्ण जबलपुर-गोंदिया ब्रॉडगेज परियोजना के दोहरीकरण का कार्य और भेड़ाघाट-भिटौनी के बीच तीसरी लाईन के सर्वेक्षण का कार्य प्रगति पर है। जबलपुर से दमोह के बीच नई रेल्वे लाईन की जांच के लिये भी संबंधित निदेशालय को निर्देश प्रदान कर दिये गए हैं। रेल मंत्री श्री वैष्णव ने सांसद श्री आशीष दुबे को बताया कि मध्यप्रदेश में आधारभूत ढांचे और सुरक्षा कार्यों के लिये आज से 10 साल पहले औसत वार्षिक बजट आवंटन औसतन 1171 करोड़ रूपये प्रतिवर्ष था, जो अब 13.6 गुना बढ़कर 15940 करोड़ रूपये हो गया है जिसका भरपूर फायदा जबलपुर संसदीय क्षेत्र को भी मिलेगा। सांसद श्री आशीष दुबे ने बताया कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत मध्यप्रदेश के जिन 80 रेल?वे स्टेशनों को विकसित किया जाना है उसमें 2 स?टेशन जबलपुर संसदीय क्षेत्र के भी शामिल किये गये हैं। सिहोरा रोड स्टेशन पर विकास कार्य तीव्र गति से चल रहा है और जबलपुर के मुख्य स्टेशन के लिये डी.पी.आर. तैयार की जा रही है। सांसद श्री आशीष दुबे को रेल मंत्री श्री वैष्णव ने यह जानकारी भी दी है कि जबलपुर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत 400 करोड़ रूपये से अधिक की लागत वाले रेल्वे के 15 रोड ओव्हर ब्रिज और रोड अंडर ब्रिज का कार्य प्रगति पर है। जबलपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद श्री आशीष दुबे ने आशा जताई है कि जल्द ही जबलपुर से अन्य नगरों के लिये आवश्यक कुछ नई ट्रेनों की सौगात भी जबलपुर को मिल सकती है। उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व और केन्द्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव के मार्गदर्शन में रेल विभाग सफलता की नई कहानी लिख रहा है, जिसका भरपूर फायदा जबलपुर संसदीय क्षेत्र को भी मिलेगा।

## महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि पर संगोष्ठी और पदयात्रा का आयोजन आज

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि के अवसर पर शहर (जिला) कांग्रेस कमेटी द्वारा कल, 30 जनवरी को एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम टाउन हॉल गांधी भवन में प्रात: 9-30 बजे शुरू होगा, जिसमें महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। कार्यक्रम में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर राजीव गांधी पंचायती राज मध्य प्रदेश के प्रभारी श्री सीताराम लंबा जी एवं प्रदेश अध्यक्ष मोना कौरव जी भी उपस्थित रहेंगे। इसके अतिरिक्त कांग्रेस सेवादल, महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस, हस्ब्ढ, विंग/विभाग और समस्त प्रकोष्ठ के सदस्यगण भी इस आयोजन में भाग लेंगे। संगोष्ठी के बाद एक पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा, जो टाउन हॉल से प्रारंभ होकर करमचंद चौक होते हुए पुन: टाउन हॉल पर समाप्त होगी। इस पदयात्रा में महात्मा गांधी जी के सत्याग्रह और अहिंसा के सिद्धांतों को याद करते हुए कांग्रेस कार्यकर्ता राष्ट्रीय एकता और अखंडता का संदेश देंगे। कार्यक्रम में सभी कांग्रेस जनों से इस श्रद्धांजलि सभा और पदयात्रा में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने की अपील की गई है।

## राम किशन गुप्ता का निधन



जबलपुर। गढ़ा रेलवे क्रॉसिंग (शिव नगर) निवासी श्री राम किशन जी गुप्ता (रम्मू भैया ) जी का आज स्वर्गवास हो गया है जिनकी अंतिम संस्कार 30 जनवरी समय सुबह 09-30 बजे अंतिम यात्रा- ग्वारीघाट मुक्ति धाम में होगा।





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा एवं प्रदेश संगठन महामंत्री श्री हितानंद जी ने बुधवार को जबलपुर में प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री श्री अंचल सोनकर के बड़े भाई स्वर्गीय चंद्रिका प्रकाश सोनकर के निधन पर उनके निवास पहुंचकर शोक व्यक्त किया एवं डॉ. श?यामाप्रसाद मुखर्जी मंडल के मंडल अध्यक्ष श्री योगेश लोखण्डे के निवास पहुंचकर उनकी माताजी से भेंटकर कुशलक्षेम जाना। इस दौरान प्रदेश कोषाध्यक्ष श्री अखिलेश जैन, जिलाध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर, ग्रामीण जिलाध?यक्ष श्री राजकुमार पटेल, विधायक श्री अभिलाष पाण्डे पूर्व मंत्री श्री अंचल सोनकरसहित जिला पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# पमरे खेल कूद संघ द्वारा दो दिवसीय अंतर मंडलीय हॉकी प्रतियोगिता का हुआ समापन






**भोपाल मण्डल की टीम ओवरऑल विजेता एवं जबलपुर मण्डल टीम उपविजेता रही**

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। पश्चिम मध्य रेल खेलकूद संघ द्वारा रेलवे स्टेडियम पर आयोजित अंतर मंडलीय पुरुष हॉकी प्रतियोगिता 2024-25 का फाइनल मैच पश्चिम मध्य रेलवे महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय के मुख्य आतिथ्य में खेला गया। जिसमें भोपाल मंडल ने जबलपुर मंडल को 4-0 से पराजित कर विजेता तथा जबलपुर मंडल की टीम ने उपविजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। फाइनल मैच में भोपाल मंडल ने आक्रामक खेलते हुये प्रत्येक क्वार्टर में 01-01 गोल मारते हुये 04 क्वार्टर में 04 गोल किये, जिसमें ताज ने 02 तथा मयंक जेम्स एवं सादिक ने 01-01 गोल किये। जबलपुर मंडल टीम के कप्तान एवं वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी श्री कुशाल सिंह ने न केवल एक खिलाड़ी के रुप में भाग लिया अपितु इस प्रतियोगिता को शानदार तरीके से आयोजित भी करवाया। इस अवसर पर महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय द्वारा श्री सुरेश मेहता, अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी तथा श्री अरुण कुमार यादव, अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी को सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता का एक अन्य मैच कोटा मंडल एवं जबलपुर मंडल के मध्य खेला गया इसमें जबलपुर मंडल ने 6-3 से जीत हासिल की। जबलपुर मंडल की ओर से मोहित ने 03 तथा मनोज महावर, हसन अली एवं रितेश ने 01-01 गोल किये। कोटा मंडल की ओर से संजय चैहान, सिराज एवं चंद्रपाल ने 01-01 गोल किये। जबलपुर मंडल ने इस मैच जीतकर फाईनल में स्थान बनाया।आज के मैचों में विशेष अतिथियों के रुप में अपर महाप्रबंधक श्री नितिन चौधरी एवं वरिष्ठ उप महाप्रबंधक श्री नीरज कुमार, प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक श्री गुरिंदर मोहन सिंह, प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक श्री कुशाल सिंह, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री प्रभात, मण्डल रेल प्रबंधक जबलपुर श्री कमल कुमार तलरेजा सहित सचिव महाप्रबंधक राहुल जयपुरियार, मंडल खेलकूद अधिकारी श्री सुबोध विश्वकर्मा, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा, वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक श्री रजनीकांत साहू एवं मुख्यालय और मण्डल के अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे। आज के मैचो में ऑफिशियल के रूप में श्री विजय पांचाल, श्री शाहिद बेग, श्री ओवेज शेर खान, श्री अशरफ अली, श्री हसन अली, श्री गजेंद्र मेहरौलिया, श्री गणेश श्रीवास्तव, श्री तबरेज शेर खान एवं आरिफ अली रहे।

**प्रदेश संगठन महामंत्री ने नव निर्वाचित मंडल अध्यक्षों को परिचय बैठक में किया संबोधित**

# संगठन कार्य को जिम्मेदारी से करे- हितानंद शर्मा




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। आप सभी को मंडल अध्यक्ष के रूप में महत्वपूर्ण दायित्व मिला है और संगठन के कार्य को पूरी जिम्मेदारी और निष्ठा से करे, यह बात भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री श्री हितानंद शर्मा ने जबलपुर महानगर के नव निर्वाचित मंडल अध्यक्षों की परिचय बैठक में कही। प्रदेश महामंत्री श्री हितानंद जी ने मंडल अध्यक्षों को संबोधित करते हुए नए दायित्व की शुभकामनाएं देते हुए पार्टी के करणीय कार्यों की जानकारी दी। इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर के साथ मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र विश्वकर्मा, योगेश लोखंडे, प्रशांत दुबे, योगेश बिलोहा, राहुल रजक, जागृति शुक्ला, पुष्पराज पांडे, सपन यादव, पुष्पराज सेंगर, सौरभ गोयल, ऋषि सोनकर, अमित राय, अकील अहमद उपस्थित थे।

### लोकसभा सांसद आशीष दुबे बजट सत्र में शामिल होने शुक्रवार को दिल्ली होने रवाना

जबलपुर- जबलपुर लोकसभा सांसद आशीष दुबे शुक्रवार 30 जनवरी को वायुमार्ग से प्रात: 11-30 बजे दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे। 1 फरवरी से संसद का बजट सत्र प्रारंभ हो रहा है जिसमें सांसद श्री दुबे सम्मिलित होंगे।

### आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के निर्वाण दिवस पर नगर निगम में दी जायेगी मौन श्रद्धांजलि

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। आज 30 जनवरी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के निर्वाण दिवस पर नगर निगम में प्रात: 11:00 बजे राष्ट्र के अमर शहीदों को राष्ट्र द्वारा मौन श्रद्धांजलि अर्पित की जायेगी। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार अपर आयुक्त वित्त प्रशांत गोटिया ने समस्त विभागीय प्रमुख एवं कर्मचारियों को प्रात: 10:50 बजे निगम प्रांगण में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने आदेश जारी किया है। अपर आयुक्त वित्त श्री गोटिया ने संबंधित अधिकारियों को सभी आवश्यक तैयारियां करने के भी निर्देश दिए हैं।

## ज़ाकिर हुसैन वार्ड में गणतंत्र दिवस पर बिखरी खुशियाँ सामाजिक कुप्रथाओं के विरूद्ध मुहिम का संकल्प लिया




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मुस्लिम बहुत क्षेत्र डॉक्टर जाकिर हुसैन वार्ड में पार्षद मुकीमा याकूब अंसारी की सरपरस्ती में गणतंत्रता की 76वीं वर्षगांठ उल्लास व समारोहपूर्वक मनायी गयी. वार्ड अंतर्गत मोमिनपुरा तलैया में शहर काजी मौलाना रियाज आलम मोहम्मदी एवं अंसारी समाज के अध्यक्ष हाजी अब्दुल हकीम बाबा साहब की अध्यक्षता में ध्वजारोहण कर समाज से सामाजिक कुप्रथाओं को खत्म करने का संकल्प लिया गया. साथ ही शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता मुहिम चलाने का निर्णय लिया गया. इस मौके पर बड़ी संख्या में क्षेत्रीय जनों के साथ ही कांग्रेस नेता व समाजसेवी याक़ूब अंसारी, रशीद हिना, नफीस राजा, हाजी वहिद खान, आसिफ मंसूरी ,परवेज अंसारी, रियाज भाई कुल्फी वाले, सहवाग अली, बस्सु हाजी, गोप अंसारी, हाजी अयाज अंसारी, मतलूब भाई, तौफीक चिश्ती, मुमताज भैया, गुड्डा चिश्ती आदि मौजूद रहे.

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.**

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 175 2024-2025 दिनांक 28/01/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता 1. **श्री मोहम्मद मंसूरी, 2. श्री मुहम्मद उवैश मंसूरी दोनों के पिता- श्री मोहम्मद शमशेर** ने भवन क्रं. 4097/ खं. नं. 180/25/1 का भाग संपत्ति कर/ पिन नं. 43401598 जलकर पिन नं. ............, पर **विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी** - श्री नारायण प्रसाद कोरी, पिता स्व.श्री बाबू लाल कोरी **वार्ड शहीद अ. हमीद वार्ड** , विक्रय प्लाट रकवा 2610 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक 07** में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2024
एम. 455/ 2024/2025 दिनांक 28.01.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **1. कु. प्रिशा सेठी, पिता श्री तपन सेठी, 2. श्रीमती श्वेता सेठी, पति श्री तपन सेठी, 3. श्री तपन सेठी, पिता श्री सुदेश कुमार सेठी,** ने भूखंड क्रं. ए-11 पिन क्र. 2000284454 **वार्ड क्र. 03, वार्ड त्रिपुरी,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) श्रीमती दीपमाला सिंह, पति- श्री अरूण प्रताप सिंह, क्षेत्रफल 2800 व.फु. **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी संभाग-1 गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2024
एम. 454/ 2024/2025 दिनांक 28.01.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **उर्मि मित्तल, पिता- श्री एम.एल. अग्रवाल** ने फ्लैट क्रं. 102 पिन क्र. 1000702205 **वार्ड क्र. 71, वार्ड वीर दुर्गादास राठौर,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) श्री कैलाश नारायण चौबे, पिता. स्व.श्री एस.पी. चौबे, भूतल 1204 व.फु. **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी संभाग-1 गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2024
एम. 453/ 2024/2025 दिनांक 28.01.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती प्रेमलता धुर्वे, पिता- श्री रामगोपाल धुर्वे** ने भवन क्रं. एल.आई.जी.-1159 पिन क्र. 1000498684 **वार्ड क्र. 16, वार्ड महाराणा प्रताप,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) श्री कुंजी लाल श्रीवास्तव, पिता- श्री शिवचरण श्रीवास्तव, क्षेत्रफल 452 व.फु., भूतल 266 व.फु. रहवास, भूतल 55 व.फु. व्यवसाय, **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी संभाग-1 गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

**संभागीय कार्यालय संभाग क्रं-15 सुहागी,नगर निगम, जबलपुर**

प्रकरण क्रं./ संभा.अधि./ राजस्व./
M 99/2024-25 दिनांक 29/01/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **श्री शुभम कुमार मिश्रा, पिता- श्री बालकृष्ण प्रसाद मिश्रा** के द्वारा **वार्ड क्रं. 72 दादा ठनठनपाल वार्ड** के निगम सम्पत्ति आई.डी. क्र. 1000538457 के पंजीकृत स्वामी श्रीमती आरती गुप्ता, पति- श्री अमित गुप्ता, के नाम से दर्ज ड्रीमलैण्ड सिटी प्लाट नं. 280 रिमझा का दर्ज प्लाट रकवा 1000 व.फु., **विक्रय/क्रय ,** संपत्ति **ई-पंजीयन प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, खसरा, टैक्स रसीद एवं राजस्व नामांतरण शुल्क** के आधार पर नगर निगम राजस्व कम्प्यूटर रिकार्ड में अपना नाम दर्ज किये जाने नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है जिस किसी को भी आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रं- 15 सुहागी** में दस्तावेज / प्रमाण सहित आपत्ति आवेदन प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी ( राजस्व ) संभाग क्रमांक 15 सुहागी नगर पालिक निगम जबलपुर**



भोपाल -ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि ग्वालियर जिले की कानून व्यवस्था के साथ ही यातायात व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाने के लिए पुलिस बल तथा यातायात पुलिस बल में वृद्धि की जाए। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि वर्तमान में शहर में बढ़ते यातायात दबाव के कारण जगह-जगह जाम की स्थिति निर्मित रहती है। इस समस्या से निजात पाने के लिए यातायात पुलिस कर्मियों में वृद्धि नितांत आवश्यक है। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने ग्वालियर उप नगर के मोतीझील, आनंद नगर तथा कांच मिल क्षेत्रों में नवीन पुलिस चौकी की स्थापना किए जाने की बात भी कही।



# मध्यप्रदेश, मेडिकल और फार्मास्यूटिकल मेन्यूफेक्क्ररिंग का नया हब बनेगा-मुख्यमंत्री डॉ. यादव




## उज्जैन में मेडिकल पार्क में निवेश के लिये किया आमंत्रित

## प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत और जापान के बीच आर्थिक और सांस्कृतिक संबंध हुए प्रगाढ़- मुख्यमंत्री

भोपाल (आरएनएस) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने जापान दौरे के दूसरे दिन टोक्यो में एएनडी मेडिकल कम्पनी के निदेशक श्री डाइकी अराई से मुलाकात कर मध्यप्रदेश में चिकित्सा उपकरण निर्माण के अवसरों पर विस्तृत चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उज्जैन में विकसित किये जा रहे 75 एकड़ के मेडिकल एवं फार्मास्यूटिकल पार्क को वैश्विक निवेशकों के लिये एक बेस्ट डेस्टिनेशन बताया। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश मेडिकल एवं फार्मास्यूटिकल मेन्यूफेक्क्ररिंग के क्षेत्र में नये हब के रूप में विकसित हो रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उज्जैन के अत्याधुनिक मेडिकल डिवाइस पार्क में निवेश के लिये आमंत्रित करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश सरकार औद्योगिक इकाईयों को रियायती दरों पर भूमि उपलब्ध करा रही है। उन्होंने इस पार्क को भारत के तेजी से विकसित हो रहे हेल्थ केयर और मेडिकल डिवाइस सेक्टर का एक महत्वपूर्ण केन्द्र बताया। यहाँ उन्नत बुनियादी सुविधाएँ, राज्य सरकार द्वारा दी जा रही प्रोत्साहन योजनाएं निवेशकों के लिये विशेष अवसर उपलब्ध है। डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश स्वास्थ्य सेवा, मेडिकल उपकरण निर्माण, फार्मास्यूटिकल उत्पादन के क्षेत्र में निवेश को आमंत्रित करते हुए आश्वस्त किया कि राज्य सरकार उनके व्यापार को सुगम बनाने के लिये हर संभव सहयोग प्रदान करेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि प्रदेश में रियायती दरों पर भूमि की उपलब्धता, मेडिकल डिवाइस, बायोटेक और फार्मा कम्पनियों के लिये विशेष प्रोत्साहन योजना है, बेहतर लॉजिस्टिक और कनेक्टिविटी जैसी सुविधाएं मध्यप्रदेश में ज्यादा से ज्यादा निवेश को आकर्षित करते है।

एएंडडी मेडिकल के निदेशक श्री डाइकी अराई ने मध्यप्रदेश में राज्य में अपनी निर्माण इकाई स्थापित करने में विशेष रूचि दिखाते हुए कहा कि वे इस वर्ष के अंत तक इसे शुरू करने की बात की। उल्लेखनीय है कि जापान की एएंडडी मेडिकल कम्पनी वैश्विक स्तर पर चिकित्सा उपकरण और स्वास्थ्य निगरानी उत्पादों का उत्पादन करती है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत और जापान के बीच आर्थिक और सांस्कृतिक संबंध तेजी से प्रगाढ़ हो रहे हैं। मध्यप्रदेश इस साझेदारी को सुदृढ़ करने में अग्रणी भूमिका निभाएगा। जापान की कंपनियां नई तकनीकों के साथ प्रदेश में निवेश करेंगी, जिससे प्रदेश के औद्योगिक और आर्थिक विकास को नई दिशा मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने टोक्यो स्थित सेंसोजी मंदिर में भगवान बुद्ध के दर्शन किए और जापान यात्रा के अपने अनुभव साझा किए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में निवेश के अवसरों को बढ़ावा देने के लिये विदेश मंत्री, जापानी निवेशकों, जापान एक्सटर्नल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन (छ्श्वज्ञ्रह्र), केडानरेन संस्था के अध्यक्ष तथा कई निजी निवेशकों से सार्थक चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि जापान की उन्नत तकनीक और औद्योगिक विशेषज्ञता से मध्यप्रदेश के औद्योगिक, आईटी, हेल्थ और एजुकेशन सेक्टर में नई संभावनाएं विकसित की जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं के स्किल डेवलपमेंट से रोजगार के अवसर और औद्योगिक विकास में सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए भी काम किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बौद्ध धर्म के वैश्विक प्रभाव और जापान की सांस्कृतिक धरोहर का उल्लेख करते हुए कहा कि महात्मा बुद्ध ने अहिंसा और आध्यात्मिक जीवन से संपूर्ण विश्व को प्रेरित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गौतम बुद्ध भगवान विष्णु के अवतार के रूप में पूजनीय हैं और यह भारत के लिए गौरव का विषय है। भगवान बुद्ध के विचार एशियाई देशों के बीच सांस्कृतिक और आध्यात्मिक एकता के सूत्रधार हैं। उन्होंने कहा कि जापान यात्रा का उद्देश्य केवल निवेश तक सीमित नहीं है बल्कि जापान की समृद्ध संस्कृति और बौद्ध धर्म के प्रति सम्मान प्रकट करना भी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आशा व्यक्त की कि भारत और जापान की यह साझेदारी नई ऊंचाइयों तक पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि महात्मा बुद्ध के आशीर्वाद से दोनों देश प्रगति और समृद्धि के पथ पर आगे बढ़ेंगे।

# धर्म और आध्यात्म देश की ताकत- उप मुख्यमंत्री शुक्ल

## महाकुंभ भारतीय संस्कृति की विविधता में एकता का प्रतीक




भोपाल-(आरएनएस) उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि सांस्कृतिक विरासत, धर्म और आध्यात्म भारत की ताकत है। श्रीराम मंदिर के निर्माण से देश की सांस्कृतिक प्रतिष्ठा को नई ऊंचाई मिली है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने श्रीराम जन्मभूमि में रामलला के दर्शन के अनुभव साझा करते हुए कहा कि प्रभु श्रीराम के दर्शन से शांति, संतोष और शक्ति प्राप्त होती है। उन्होंने महाकुंभ को भारतीय संस्कृति की विविधता में एकता का प्रतीक बताते हुए कहा कि देश ही नहीं, विदेशों के नागरिक भी भारत की समृद्ध संस्कृति और आध्यात्मिक शक्ति का परिचय प्राप्त कर रहे हैं। महाकुंभ में देश के हर कोने से नागरिक आकर आस्था की डुबकी लगाकर आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। भोपाल में एक समाचार चैनल के कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री ने प्रदेश में विकास के विभिन्न आयामों, सांस्कृतिक उत्थान सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों में विचार साझा किये।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश को स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में अभूतपूर्व सहयोग प्राप्त हो रहा है। इस अवसर का लाभ उठाकर मध्यप्रदेश को स्वास्थ्य मानकों में अग्रणी राज्य बनाने के लिये हम प्रतिबद्ध हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा सेवाओं को सशक्त करने के लिए भविष्योन्मुखी प्रयास किए जा रहे हैं। वर्तमान वर्ष में नीमच, मंदसौर और सिवनी में नए मेडिकल कॉलेज प्रारंभ किए गए हैं। अगले दो वर्षों में एमबीबीएस सीटों को दोगुना करने का लक्ष्य रखा गया है। पीपीपी मॉडल पर 12 दूरस्थ जिलों में मेडिकल कॉलेज खोलने के प्रयास किए जा रहे हैं। इससे प्रदेश में पर्याप्त चिकित्सकीय मैनपॉवर उपलब्ध हो सकेगी।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि विकास तब सार्थक होता है जब वह स्थायी और दूरगामी हो। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेज गति से विकास कर रहा है और शीघ्र शीर्ष आर्थिक महाशक्ति के रूप में स्थापित होगा। उन्होंने कहा कि युवाओं में संस्कारयुक्त शिक्षा का होना आवश्यक है जिससे वे विकृतियों से बच सकें। संस्कृति और आध्यात्म का जनआंदोलन विकास को स्थायित्व प्रदान करेगा। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि समाज में विकृतियों से बचने के लिए क़ानूनी कार्रवाई के साथ नैतिक जागरण भी आवश्यक है। सामाजिक ज़िम्मेदारियों के भाव और कुशल युवाओं के प्रयास से भारत निःसंदेह विश्वगुरु बनेगा।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं के आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक सशक्तीकरण के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर रही है। योजनाओं के ग्राउंड लेवल क्रियान्वयन की सतत निगरानी से सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने विंध्य क्षेत्र की प्राकृतिक संपदाओं और पर्यटन की संभावनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि सिंचाई के लिए नहरों का जाल बिछाया जा रहा है और अधोसंरचना के विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सरकार जन आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले नागरिकों को सम्मानित किया।

# भोपाल मध्य के कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा

भोपाल/जबलपुर (आरएनएस)। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने भोपाल मध्य से कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद को उनके विरुद्ध दायर चुनाव याचिका के संदर्भ में गवाहों की सूची प्रस्तुत करने के लिए अंतिम मोहलत दी थी। सोमवार को हाईकोर्ट में प्रकरण की सुनवाई के दौरान अवगत कराया गया कि हाईकोर्ट द्वारा पक्ष प्रस्तुत करने व गवाहों की सूची प्रस्तुत करने अधिक समय नहीं दिए जाने के विरुद्ध मसूद ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर दी है। हाई कोर्ट ने इस जानकारी को रिकार्ड पर लेते हुए सुनवाई सुप्रीम कोर्ट का आदेश आने तक टाल दी। विधायक आरिफ मसूद के निर्वाचन को चुनौती देते हुए पराजित भाजपा प्रत्याशी ध्रुव नारायण सिंह ने हाई कोर्ट में चुनाव याचिका दायर की है। उनका आरोप है कि एसबीआइ, अशोक नगर शाखा से आरिफ मसूद आर उनकी पत्नी के नाम लोन है। इसका उल्लेख उन्होंने अपने नामांकन पत्र में भी नहीं किया। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार हाई कोर्ट लोन संबंधित दस्तावेजों की जांच कर रहा है। हाई कोर्ट ने तत्कालीन बैंक मैनेजर को गवाही और प्रतिपरीक्षण के लिए तलब किया था। तत्कालीन मैनेजर ने हाई कोर्ट को बताया था कि आरिफ मसूद व उनकी पत्नी सहित 40 खाताधारकों के नाम पर बैंक के कुछ कर्मचारियों की मिलीभगत से एक गिरोह ने धोखाधड़ी से लोन स्वीकृत कराए थे, जिसकी जांच सीबीआइ कर रही है। बैंक मैनेजर ने कहा था कि आरिफ मसूद व उनकी पत्नी के नाम पर लोन की प्रविष्टि बैंक रिकार्ड में नहीं है और खातों को एनपीए कर दिया गया। भ्रमित कर उनसे रिकवरी लेटर पर हस्ताक्षर कराए गए थे। बैंक ने अधिकृत तौर पर कांग्रेस विधायक व उनकी पत्नी को रिकवरी लेटर जारी नहीं किया है।

**झंडा फहराने का विरोध करने वाला अरेस्ट**

ग्वालियर (आरएनएस)। झुंडपुरा कॉलेज की संबद्धता फर्जीवाड़े के मामले में जीवाजी विवि के कुलप्रति पो. अविनाश तिवारी पर 420, 120 धाराओं में केस दर्ज है, लेकिन इसके बाद भी कुलपति द्वारा 26 जनवरी को झंडा फहराने पर विवि में एनएसयूआई अध्यक्ष पारस यादव कार्यकर्ताओं के साथ काले झंडे दिखाकर विरोध दर्ज कराने पहुंच गया था। विरोध प्रदर्शन पर पुलिस ने छात्र नेता को गिरफ्तार करके ले गई और दोपहर एक बजे छोड़ा।

# मातृवंदना योजना : 48 हजार हितग्राहियों के भुगतान अटके

भोपाल (आरएनएस)। गर्भवती महिलाओं ओर प्रसूताओं को प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना के अंतर्गत मिलने वाली सहायता राशि नहीं मिल पा रही है। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा योजना में बदलाव के बाद साफ्टवेयर में भी परिवर्तन करने से यह दिक्कत आ रही है। प्रदेश की लगभग 48 हजार महिलाओं को राशि नहीं मिल पाई है। ये वहे हैं, जो साफ्टवेयर में परिवर्तन के पहले से पंजीकृत हैं।

पहले यह संख्या लगभग एक लाख थी, पर धीरे-धीरे कर 50 हजार से अधिक की भुगतान हो चुका है। इस मामले में सीएम हेल्पलाइन में भी 45 हजार शिकायतें पहुंच चुकी हैं। योजना के अंतर्गत दो किश्त में पांच हजार रुपए दिए जाते हैं। हितग्राहियों को भुगतान नहीं मिलने की समस्या एक वर्ष से है। अक्टूबर 2024 तक तक इस संबंध में 25 हजार शिकायतें सीएम हेल्पलाइन में पहुंच चुकी थीं जो बढ़कर 45 हजार हो गई हैं। हालांकि, केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की तरफसे पुराने हितग्राहियों के दस्तावेजों का परीक्षण कर नए साफ्टवेयर में शिफ्ट किया जा रहा है, पर अभी भी लगभग 48 हजर महिलाओं को सहायता राशि नहीं मिल पाई है। केंद्र सरकार ने योजना को एक अप्रैल 2022 में संशोधित कर प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना 2.0 शुरु किया है। इसका उद्देश्य गर्भवती महिलाओं के पोषण का स्तर सुधारने के साथ ही बालिका के जन्म को प्रोत्साहित करना है इसमें प्रथम प्रसव पर पांच हजार रुपये दो किश्तों में देने का प्राविधान है। योजना में 60 प्रतिशत राशि केंद्र और 40 प्रतिशत राज्य सरकार देती है।

# मध्यप्रदेश में भाजपा की डबल इंजन की सरकार में आदिवासियों को कराना पड़ रहा है साहूकारों के पा अपना राशनकार्ड गिरवी रखकर इलाज ?

भोपाल (आरएनएस)। जिस मध्यप्रदेश में भाजपा की डबल इंजन की सरकार में पीएम योजना के तहत केन्द्र के नाम नौ विभाग योजनाओं के तहत अनेकों योजनाओं से आदिवासियों को विभिन्न तरह की सेवाएं मुफ्त में उपलब्ध कराई जा रही हैं लेकिन इन्हीं योजनाओं के तहत पोषण आहार और आदिवासियों के मुफ्त इलाज कराने की गारंटी मोदी की है का दावा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार द्वारा किया जाता है, उसी मध्यप्रदेश में इन आदिवासियों को दिए जाने वाले पोषण आहार के मामले में कागजों में बांटे जाने का खुलासा हुआ था, इसके बाद अब यही कहा जा सकता है कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार के नाम पर क्या क्या खेल इस मध्यप्रदेश में हो रहा है वैसे अभी हाल ही में केन्द्र सरकार की योजनाओं का मध्यप्रदेश की भाजपा की डबल इंजन सरकार का ढिंढोरा पीटने वाली सरकार के मुखिया को यह जानकारी होना चाहिए कि भाजपा जो मुफ्त की रेवड़ी बांटने का दावा करती है उसका लाभ हितग्राहियों को नहीं मिलता जितना इन मुफ्त की रेवड़ियां बांटने वाले अधिकारी उठाते हैं? तभी तो भाजपा की डबल इंजन की सरकार के द्वारा मुफ्त में जो लोगों को सालों से मुफ्त की रेवड़ियां के नाम पर 35 किलो गेंहू एवं चावल बांटने का दावा करती है, उसके भी ठीक से वितरण नहीं होने की शिकायतें समय समय पर समाचार पत्रों की सुर्खियां बनी रहती हैं मगर आजतक दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं की खबरें दिखाई दी? इससे यह संकेत मिलते हैं इस गोलमाल में राजनेताओं की भी भूमिका रहती है तभी तो प्रदेश के मंडला, सिंगरौली, सतना एवं छतरपुर से मुक्त में वितरण होने वाले आनाज के पकड़े जाने की खबरें सुर्खियों में रहीं, साथ ही इसी योजना के तहत वितरण किए जाने के गेंहू एवं चावल से भरे ट्रक शराब कंपनियों पर जाते देखे गए हैं, तो वहीं मध्यप्रदेश के अलिराजपुर का गेंहू गुजरात में पकड़े जाने की खबर सुर्खियों में रही मगर इन सभी मामलों में आजकल किसी को दोषी बनाए जाने की खबर नहीं आई, शायद यही वजह है जो मध्यप्रदेश के जिन आदिवासियों के हितैषी होने का डबल इंजन की सरकार ढिंढोरा पीटती है,उसी प्रदेश में उन्हीं आदिवासियों को भगवान भरोसे छोड़ रखा है, वैसे केन्द्र की योजना में इन आदिवासियों के इलाज कराने की भी योजना है मगर मध्यप्रदेश में स्वास्थ्य व्यवस्था भगवान भरोसे है,जहां कहीं अस्पताल हैं तो डाक्टर पर्याप्त हालत में नहीं हैं,प्रदेश के अधिकांश क्षेत्र में इसी सरकारी व्यवस्था का लाभ झोलाछाप डाक्टरों के भरोसे है, प्रदेश के आदिवासी बाहुल्य अलिराजपुर एवं झाबुआ में स्वास्थ्य व्यवस्था झोलाछाप डाक्टरों के भरोसे छोड़ रखी है ऐसी स्थिति का लाभ उठाकर साहूकार भी मध्यप्रदेश में सक्रिय होकर आदिवासियों को भाजपा की डबल इंजन की सरकार द्वारा चुनाव में ज्यादा वोट बटोरने के लिए आदिवासियों एवं जनता से उठाने के लिए इस मुफ्त में वितरण करने वाले 35 किलो मुफ्त का गेंहू एवं चावल बांटने का काम कई महीनों से चला रखी है, जिसका लाभ साहूकारों द्वारा उठाया जा रहा है, इसी तरह के मामले मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में उस समय देखने को मिला था,जब भोपाल में यूनियन कार्बाइड की गैस रिसन के बाद हजारों लोगों की मौत हो जाने के बाद भोपाल के पीड़ितों को दो सौ रुपये प्रतिमाह बंटते थे उस समय भी इसी तरह के अनेक मामले देखने को मिले थे जब साहूकार हितग्राहियों की बैंक की पासबुक उन्हें बैंक के बाहर थमाते थे और बैंक से रुपये लेकर हितग्राही अपनी पासबुक साहूकार को थमा देते थे,

# फायलेरिया बीमारी के उन्मूलन घर-घर पहुंचेंगे स्वास्थ्यकर्मी

भोपला (आरएनएस)। फायलेरिया बीमारी के उन्मूलन करने सामूहिक दवा सेवन अभियान प्रारम्भ किया जा रहा है,अभियान को लेकर जिला अस्पताल में प्रेस वार्ता आयोजित की गई,इस अवसर पर डॉ वीएस चंदेल,जिला मलेरिया सलाहकार रवि साहू एवम पर्यवेक्षक भोपाल राजेश वर्मा मौजूद रहे।प्रेस वार्ता में डॉ वीएस चंदेल ने बताया कि फायलेरिया (हाथीपांव) की रोकथाम के लिए 10 फरवरी से 25 फरवरी तक पूरे जिले में आइवरमेंक्टिंन,डीईसी एवम एल्बेंडाजोल की गोली का सेवन कराया जाना है।इन 15 दिनों में 10 से 14 फरवरी तक शैक्षिक संस्थाओं,15 से 21 फरवरी स्वास्थ्य कार्यकर्ता डोरटूडोर पहुंचेंगे,इसके अलावा 22 से 25 फरवरी उन लोगो को दवा देना है,जो अभियान के बीच मे छूट गए है।उन्होंने बताया कि गर्भवती माताओं,अत्यधिक वृद्ध,गम्भीर रोगों से पीड़ित व्यक्ति को गोली नही देना है।उन्होंने बताया कि जिन लोगो को माइक्रो फायलेरिया के कीटाणु होते है,उन लोगो मे गोली खाने के बाद सरदर्द,बदनदर्द,पेटदर्द,उल्टी इत्यादि अनुषंगी प्रभाव हो सकते है,पर इससे घबराना नही है,प्रतिकूल प्रभाव क्षणिक होता है।जिला मलेरिया सलाहकार रवि साहू ने कहा कि ज़रूरी नही है कि फाइलेरिया के लक्षण लक्षित हो,फायलेरिया किसी को भी कभी भी हो सकता है,इसलिए जरूरी है कि फायलेरिया दवा खुद खाये और लोगो को गोली खाने जागरूक करे।भोपाल से आये राजेश वर्मा ने भी फायलेरिया के लक्षणों को बताते हुवे अनिवार्य रूप से गोली खाने की बात कही,और कहा कि फायलेरिया बीमारी की जांच रात 8 बजे से 12 बजे तक जिला मलेरिया कार्यालय में निःशुल्क की जाती है,

# एमपी बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियां शुरु, टीचर्स की छुट्टी पर लगी रोक, इंदौर में 140 स्कूलों का बनाया सेंटर

इंदौर (आरएनएस)। माध्यमिक शिक्षा मण्डल की बोर्ड परीक्षाओं के चलते सरकारी स्कूल के टीचर्स के अवकाश पर रोक लग गई है। स्वास्थ्य कारणों से ही टीचर्स अवकाश ले सकेंगे। इस छुट्टी के लिए भी जिला मेडिकल बोर्ड का सर्टिफिक्रेट लेना जरूरी होगा। दसवीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा के लिए जिले के 140 स्कूलों को सेंअर बनाया गया है। एग्जाम की तैयारियों के चलते जिला पंचायत सीईओ सिद्धार्थ जैन ने एक मीटिंग भी की थी। इसमें उन्होंने कहा था कि बिना अनुमति किसी भी टीचर को छुट्टी नहीं दी जाए। अब जिला शिक्षा अधिकारी ने समस्त संकुल प्राचार्यों को नोटिस जारी कर टीचर्स के अवकाश पर प्रतिबंध लगा दिया है। एग्जाम संबंधी काम को मप्र अनिवार्य सेवा संधारण एवं विच्छिन्नता निवारण अधिनियम के तहत अनिवार्य सेवा घोषित किया है। एग्जाम व मूल्यांकन काम में लगे कर्मचारियों की सेवा अत्यावश्यक श्रेणी में आती है। इसलिए कोई भी प्रिंसिपल, टीचर या कर्मचारी एग्जाम स जुड़े कामों से इनकार करते हैं तो उन पर कार्रवाई की जाएगी। आकस्मिक अवकाश सिर्फ संकुल प्रिंसिपल की स्वीकृति पर मिल सकेगा। बीमारी में शिक्षक व कर्मचारी अवकाश ले सकते हैं, लेकिन इसके लिए उन्हें अनिवार्य रूप से मेडिकल बोर्ड का सर्टिफिक्रेट देना होगा।

**10वी-12वीं के विद्यार्थियों के लिए 32 पेज की एक ही उत्तरपुस्तिका होगी**

भोपाल (आरएनएस)। माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) की दसवीं व 12वीं की परीक्षा 24 फरवरी से शुरु हो रही हे। इस बार विद्यार्थियों को मुख्य उत्तर-पुस्तिका में ही पूरा प्रश्नपत्र हल करना होगा। यह उत्तरपुस्तिका 32 पेज की होगी। अभी तक 20 पेज की उत्तरपुस्तिका दी जाती थी। उत्तरपुस्तिका के मुख्य पेज पर बार कोड भी लगा रहेगा, जिससे इसके हेर-फेर की संभावना नहीं रहेगी। विद्यार्थियों को सप्लीमेंट्री कॉपी नहीं मिलेगी। बोर्ड परीक्षा को लेकर सोमवार को माशिमं और स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों की साधारण सभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में यह निर्णय भी हुआ कि सिलाई खुली हुई

# हमारी प्रतिबद्धता जनता के विश्वास के प्रति है- राज्यमंत्री श्रीमती गौर




भोपाल (आरएनएस) पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा कि हमारी प्रतिबद्धता जनता के विश्वास के प्रति है। परमपिता परमेश्वर के आशीर्वाद और विधानसभा क्षेत्र की जनता का विश्वास ही है कि हम लगातार विकास कार्य कर रहे हैं। यह बात उन्होंने मंगलवार को वार्ड-63 में 1 करोड़ 19 लाख रुपए के विभिन्न विकास कार्यों के भूमिपूजन के दौरान कहीं। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने गुरुनानक पब्लिक स्कूल पिपलानी, भेल में साइंस पार्क के भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान कहा कि, विज्ञान पार्क बनने से बच्चों की साइंस क्षमता बढ़ेगी, बच्चों की जिज्ञासा शांत होगी और नई टेक्नोलाजी से समृद्ध होने का अवसर भी मिलेगा। वार्ड-63 के चांदमारी झुग्गी बस्ती में 9 लाख 66 हजार की लागत से सड़क, आरसीसी नाली और पाइप कल्वर्ट निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। क्षेत्र की जनता से संवाद करते हुए पीने के पानी की सप्लाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। 50 क्वार्टर झुग्गी बस्ती में सीसी सड़क व आर सीसी नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया, जिसकी लागत 9 लाख 98 हजार रुपए है। 60 क्वार्टर व 100 क्वार्टर झुग्गी बस्ती, शिवनगर झुग्गी बस्ती पिपलानी में सीसी सड़क निर्माण कार्य क्रमशः 20 लाख और 21 लाख रुपए की लागत से किया जाएगा।

इसी तरह शिवनगर में शासकीय स्कूल के पास सीसी सड़क का निर्माण 21 लाख 18 हजार रुपए की लागत से किया जाएगा। शासकीय स्कूल ए-सेक्टर पिपलानी में पेवर ब्लॉक एवं शेड लगाने का कार्य 19 लाख 95 हजार की लागत से किया जाएगा। इस दौरान पार्षद शिवलाल मकोरिया, मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र थोटे के साथ जनप्रतिनिधि व सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है।

पूजा हमेशा पूर्व या उत्तर की ओर मुँह करके करनी चाहिये, हो सके तो सुबह 6 से 8 बजे के बीच में करें. पूजा जमीन पर आसन पर बैठकर ही करनी चाहिए, पूजा गृह में सुबह एवं शाम को दीपक,एक घी का और एक तेल का रखें. पूजा अर्चना होने के बाद उसी जगह पर खड़े होकर 3 परिक्रमाएँ करें. पूजाघर में मूर्तियाँ 1 ,3 , 5 , 7 , 9 ,11 इंच तक की होनी चाहिये, इससे बड़ी नहीं तथा खड़े हुए गणेश जी, सरस्वतीजी, लक्ष्मीजी, की मूर्तियाँ घर में नहीं होनी चाहिये. गणेश या देवी की प्रतिमा तीन, तीन शिवलिंग, दो शालिग्राम, दो सूर्य प्रतिमा, दो गोमती चक्र. दो की संख्या में कदापि न रखें.



## 90 घंटे काम करने की अपेक्षा

कभी -कभी किसी विशिष्ट व्यक्ति के मुंह से कुछ इस तरह के बयान निकल कर बाहर आ जाते हैं जिनके बारे में तय करना मुश्किल हो जाता है कि इन्हें गंभीर मान कर इन पर समुचित ध्यान दिया जाए या हास्यास्पद मान कर दरकिनार कर दिया जाए। पिछले दिनों लार्सन एंड टूब्रो (एल एंड टी) के चेयरमैन एस. एन. सुब्रमण्यम ने जो बात कही उस पर पूरे देश में प्रतिक्रिया हुई। उन्होंने अपने कर्मचारियों की बैठक में कहा कि कर्मचारियों को सप्ताह में 90 घंटे और रविवार को भी काम करना चाहिए। अपनी पत्नियों का मुंह निहारने में समय नष्ट नहीं करना चाहिए। इससे पहले इंफोसिस के मालिक नारायण मूर्ति भी कर्मचारियों से सप्ताह में 70 घंटे काम करने का आह्वान कर चुके हैं। अगर इन टिप्पणियों को सचमुच गंभीरता से लिया जाए तो ये बहुत क्रूरता, नासमझी और असंवेदनशीलता से भरी हुई टिप्पणियां हैं। इनका निहित भाव यह है कि कर्मचारी न अपने परिवार पर ध्यान दें, न दोस्तों, मित्रों और रिश्तेदारों से संपर्क रखें और अपने सामाजिक जीवन को त्याग दें। भारत जैसे देश में जहां शिक्षित बेरोजगारों की दर बहुत ज्यादा है, और जिन्हें रोजगार मिला भी हुआ है, उन्हें भी अपने श्रम के अनुकूल वेतन नहीं मिलता। एक आंकड़े के अनुसार भारत के विभिन्न क्षेत्रों में रोजगाररत लोगों में से 67 फीसद ऐसे हैं जो कार्य संबंधी कारणों से तनावग्रस्त रहते हैं जिससे उनके परिवारों में भी तनावग्रस्त वातावरण बन जाता है। तिस पर कार्यस्थलों का वातावरण उनके प्रति सहानुभूतिपूर्ण, संवेदनशील और समझदारी भरा न हो तो उनकी समस्याएं और अधिक बढ़ जाती हैं। ऐसे में उनसे सप्ताह में 90 घंटे कार्य करने की अपेक्षा करना उनकी सामाजिक और पारिवारिक जिंदगियों को नर्क में झोंक देने जैसा है।

# वित्तीय वर्ष 2025-26 के केंद्रीय बजट से मिल सकती हैं कई सौगातें

वित्तीय वर्ष 2024-25 की पहली छमाही (अप्रेल-सितम्बर 2024) में भारत की आर्थिक विकास दर कुछ कमजोर रही है। प्रथम तिमाही (अप्रेल-जून 2024) में तो सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर गिरकर 5.2 प्रतिशत के निचले स्तर पर आ गई थी। इसी प्रकार द्वितीय तिमाही (जुलाई-सितम्बर 2024) में भी सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर 5.4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है। इससे वित्तीय वर्ष 2024-25 में यह वृद्धि दर घटकर 6.6 प्रतिशत से 6.8 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान है, जबकि वित्तीय वर्ष 2023-24 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर 8.2 प्रतिशत की रही थी। वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रथम छमाही में आर्थिक विकास दर के कम होने के कारणों में मुख्य रूप से देश में सम्पन्न हुए लोक सभा चुनाव है और आचार संहिता के लागू होने के चलते केंद्र सरकार के पूंजीगत खर्चों एवं अन्य खर्चों में भारी भरकम कमी दृष्टिगोचर हुई है। साथ ही, देश में मानसून की स्थिति भी ठीक नहीं रही है।

केंद्र सरकार ने हालांकि मुद्रा स्फीति पर अंकुश लगाने में सफलता तो अर्जित कर ली है परंतु उच्च स्तर पर बनी रही मुद्रा स्फीति के कारण कुल मिलाकर आम नागरिकों, विशेष रूप से मध्यमवर्गीय परिवारों, की खर्च करने की क्षमता पर विपरीत प्रभात जरूर पड़ा है और कुछ मध्यमवर्गीय परिवारों के गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे परिवारों की श्रेणी में जाने का खतरा उत्पन्न हो गया है। किसी भी देश में मध्यमवर्गीय परिवारों की जितनी अधिक संख्या रहती है, उस देश की आर्थिक विकास दर ऊंचे स्तर पर बनी रहती है क्योंकि मध्यमवर्गीय परिवार ही विभिन्न प्रकार के उत्पादों (दोपहिया वाहन, चारपहिया वाहन, फ्रिज, एयर कंडीशनर जैसे उत्पादों एवं नए फ्लेट्स एवं भवनों आदि) को खरीदने पर अपनी आय के अधिकतम भाग का उपयोग करता है। इससे आर्थिक चक्र में तीव्रता आती है और इन उत्पादों की बाजार में मांग के बढ़ने के चलते इनके उत्पादन को विभिन्न कम्पनियों द्वारा बढ़ाया जाता है, इससे इन कम्पनियों की आय एवं लाभप्रदता में वृद्धि होती है एवं देश में रोजगार के नए अवसर निर्मित होते हैं। भारत में पिछले कुछ समय से मध्यमवर्गीय परिवारों की व्यय करने की क्षमता पर विपरीत प्रभाव पड़ा है अतः दिनांक 1 फरवरी 2025 को केंद्र सरकार की वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारामन से अब यह अपेक्षा की जा रही है कि वे वित्तीय वर्ष 2025-26 के केंद्र सरकार के बजट में मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए विशेष रूप से आय कर में छूट की घोषणा करेंगी। देश के कई अर्थशास्त्रियों का तो यह भी कहना है कि न केवल आय कर में बल्कि कारपोरेट कर में भी कमी की घोषणा की जानी चाहिए। इनफोसिस के संस्थापक सदस्यों में शामिल श्री मोहनदास पई का तो कहना है कि 15 लाख से अधिक की आय पर लागू 30 प्रतिशत की आय कर की दर को अब 18 लाख से अधिक की आय पर लागू करना चाहिए। आय कर मुक्त आय की सीमा को वर्तमान में लागू 7.75 लाख रुपए की राशि से बढ़ाकर 10 लाख रुपए कर देना चाहिए। आयकर की धारा 80सी के अंतर्गत किए जाने निवेश की सीमा को भी 1.50 लाख रुपए की राशि से बढ़ाकर 2 लाख रुपए कर देना चाहिए। मकान निर्माण हेतु लिए गए ऋण पर अदा किए जाने वाले ब्याज पर प्रदान की जाने वाली आयकर छूट की सीमा को 2 लाख रुपए से बढ़ाकर 3 लाख रुपए किया जाना चाहिए। फरवरी 2025 माह में ही भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा मोनेटरी पोलिसी की घोषणा भी होने जा रही है। भारतीय रिजर्व बैंक से अब यह अपेक्षा की जा रही है कि वे रेपो दर में कम से कम 25 अथवा 50 आधार बिंदुओं की कमी तो अवश्य करेंगे। क्योंकि, पिछले लगातार लगभग 24 माह तक रेपो दर में कोई भी परिवर्तन नहीं करने के चलते मध्यमवर्गीय परिवारों द्वारा मकान निर्माण एवं चार पहिया वाहन आदि खरीदने हेतु बैकों से लिए गए ऋण की किश्त की राशि का बोझ बहुत अधिक बढ़ गया है। बैकों से लिए गए इस प्रकार के ऋणों एवं माइक्रो फाइनैन्स की किश्तों की अदायगी में चूक की घटनाएं भी बढ़ती हुई दिखाई दे रही हैं। अब मुद्रा स्फीति की दर खाद्य पदार्थों (फलों एवं सब्जियों आदि) के कुछ महंगे होने के चलते ही उच्च स्तर पर आ जाती है जबकि कोर मुद्रा स्फीति की दर तो अब नियंत्रण में आ चुकी है। खाद्य पदार्थों की मंहगाई को ब्याज दरों को उच्च स्तर पर बनाए रखकर कम नहीं किया जा सकता है। अतः भारतीय रिजर्व बैंक को अब इस ओर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रथम तिमाही में सम्पन्न हुए लोक सभा चुनाव के चलते देश में पूंजीगत खर्चों में कमी दिखाई दी है। इसीलिए अब लगातार यह मांग की जा रही है कि देश में वन नेशन वन इलेक्शन कानून को शीघ्र ही लागू किया जाना चाहिए क्योंकि बार बार देश में चुनाव होने से केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा आचार संहिता के लागू होने के चलते अपने बजटीय खर्चों को रोक दिया जाता है जिससे देश का आर्थिक विकास प्रभावित होता है। अतः वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए लोक सभा में पेश किए जाने वाले बजट में पूंजीगत खर्चों को बढ़ाने पर गम्भीरता दिखाई जाएगी। हालांकि वित्तीय वर्ष 2022-23 के बजट में 7.50 लाख करोड़ रुपए के पूंजीगत खर्चों का प्रावधान किया गया था,

## दलित-ओबीसी मतदाता बनाएंगे दिल्ली में सरकार

दिल्ली में विधानसभा चुनाव के लिए वोट डालने में अब कुछ दिनों का समय ही शेष रह गया है। वहां चुनाव प्रचार पूरे शबाब पर है। सभी दलों के बड़े नेता अपनी-अपनी पार्टी प्रत्याशियों को जीताने के लिए जमकर चुनाव प्रचार कर रहे हैं। पूरी दिल्ली में चुनावी चौसर बिछी हुई है। सट्टा बाजार में राजनीतिक दलों की हार-जीत के बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं। दिल्ली में किसकी सरकार बनेगी इसका पता तो 8 फरवरी को मतगणना के बाद ही चल पाएगा। मगर दिल्ली विधानसभा चुनाव में इस बार बड़ी कड़ी टक्कर देखने को मिल रही है। एक तरफ जहां सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) चौथी बार सरकार बनाने के प्रयास में लगी हुई है। वहीं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) भी चाहती है कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में उनकी पार्टी की सरकार बने ताकि केंद्र व राज्य का झगड़ा समाप्त हो। कहने को तो दिल्ली केंद्र शासित प्रदेश है। यहां की सरकार व मुख्यमंत्री के पास अन्य प्रदेशों की तरह पूरे अधिकार नहीं होते हैं। मगर दिल्ली का मुख्यमंत्री होना अपने आप में बड़ी बात है। दिल्ली से ही देश की सरकार चलती है। ऐसे में दिल्ली में जो सरकार बनती है उसके महत्व को नकारा नहीं जा सकता है। दिल्ली विधानसभा चुनाव में इस बार दलित, जाट व गुर्जर मतदाताओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होने जा रही है। दिल्ली में 12 विधानसभा सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। यहां करीबन 18 प्रतिशत दलित मतदाता है। दिल्ली की आरक्षित 12 सीटों के अलावा 18 और ऐसी विधानसभा सीटे हैं जहां दलित मतदाताओं की संख्या 15 प्रतिशत से अधिक है। ऐसे में दिल्ली की 30 विधानसभा सीटों पर दलित मतदाताओं की भूमिका महत्वपूर्ण रहने वाली है। दिल्ली में बवाना, सुल्तानपुर माजरा, मंगोलपुरी, करोल बाग, पटेल नगर, मादीपुर, देवली, अंबेडकर नगर, त्रिलोकपुरी, कोंडली, सीमापुरी, गोकलपुर विधानसभा सीट को अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित किया गया है।

## देश की अर्थव्यवस्था को गति देने वाला बुलेट ट्रेन रूपी इंजन है यूपी

डॉ. शीलवन्त सिंह

भारतीय अर्थव्यवस्था भारत के 28 राज्य 8 केंद्रशासित प्रदेशों की आर्थिक क्षमता का प्रतिनिधित्व करती है। भारतीय अर्थव्यवस्था 3-7 ट्रिलियन डॉलर का स्तर पार कर चुकी है जिसमें 15.7त्न के योगदान के साथ महाराष्ट्र प्रथम स्थान पर है तथा 9.2त्न के योगदान के साथ उत्तर प्रदेश दूसरे स्थान पर है। यह दर्शाता है कि उत्तर प्रदेश राज्य आर्थिक दृष्टिकोण से देश की अर्थव्यवस्था को गति देने वाला बुलेट ट्रेन रूपी इंजन है। उत्तर प्रदेश राज्य से देश की राजनीति का सीधा संबंध है क्योंकि लोक सभा में राज्यों में सर्वाधिक सीटें उत्तर प्रदेश की हैं परंतु 2017 से जब से प्रदेश में डबल इंजन की सरकार बनी है तब से देश की आर्थिक गतिविधियों के केंद्र में प्रदेश आ गया है। 2018 में यूपी इन्वेस्टर्स समिट के सफल आयोजन के साथ ही 2020 में 11वें डिफेंस एक्स्पो का सफल आयोजन राज्य में कराया गया। दिल्ली को छोड़ दिया जाए तो उत्तर प्रदेश में पहली बार किसी राज्य में डिफेंस एक्स्पो का आयोजन हुआ था। कोविड महामारी की आपदा के दौरान प्रधानमंत्री के आपदा में अवसर के मंत्र ने उत्तर प्रदेश को नई ऊर्जा से परिपूर्ण कर दिया। उत्तर प्रदेश सैनेटाइजर उत्पाद से लेकर सर्वाधिक कोविड वैक्सिनेशन करने वाला देश का पहला राज्य बना। 2023 में यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट हुआ। 2024 में देश ने जी-20 सम्मेलन की अध्यक्षता की। इस अवसर का लाभ उत्तर प्रदेश राज्य ने आर्थिक-सांस्कृतिक, दोनों दृष्टि से खूब उठाया। सांस्कृतिक शहरों वाराणसी, लखनऊ, आगरा जैसे शहरों में निवेशकों को निवेश के बेहतर विकल्प मिले तो पर्यटन, खानपान, लोक कलाओं और ओडीओपी योजना में शामिल उत्पादों को उपहारस्वरूप भेंट देकर निवेशकों का मन जीता तो वहीं प्रदेश के आर्थिक हब ग्रेटर नोएडा में सम्मेलन का आयोजन कर उत्तर प्रदेश की आर्थिक क्षमता से भी निवेशकों का परिचय कराया। 22 जनवरी, 2024 की तारीख पुन- उत्तर प्रदेश को देश के केंद्र में ला खड़ा करती है, मौका था भव्य राम मन्दिर के उद्घाटन का। संपूर्ण अयोध्या नगरी का कायाकल्प हो गया। सड़कों से लेकर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे तक, रेलवे स्टेशन से लेकर बस स्टैंड तक, सड़कों के चौड़ीकरण से लेकर, भव्य चौराहों के निर्माण तक, सीवर लाइन से लेकर बिजली की व्यवस्था तक, धार्मिक स्थलों के कायाकल्प से लेकर, रोजगार, सुरक्षा, पर्यटन और स्वच्छता के क्षेत्र में, जो नये-नये कीर्तिमान रचे गए, उसका साक्ष्य प्रदेश की 24 करोड़ जनता बनी। असंख्य श्रद्धालु आज लाखों की संख्या में अयोध्या पहुंच रहे हैं, और देश के धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देकर प्रदेश की अर्थव्यवस्था में अपना योगदान सुनिश्चित करा रहे हैं।

आज प्रदेश अपने सु-शासन, जीरो टॉलरेंस ऑफ करप्शन तथा महिला सुरक्षा जैसे विषयों पर अपनी छवि को सकारात्मक कर चुका है, जिसका परिणाम है कि स्थल अवरुद्ध राज्य होने के बाद भी डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर परियोजना का संचालन हो या भारत की पहली फिल्म सिटी का निर्माण हो या प्रधानमंत्री मित्र योजना में शामिल 7 राज्यों में उत्तर प्रदेश का शामिल होना हो या सैमसंन कंपनी द्वारा विश्व की सबसे बड़ी मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग हब का नोएडा में स्थापित होना हो,

## कब मनाई जा रही है बसंत पंचमी? नोट करें पूजा विधि और शुभ मुहूर्त

सनातन धर्म में बसंत पंचमी त्योहार का काफी महत्व होता है। माघ शुक्ल की पंचमी तिथि को बसंत पंचमी का उत्सव मनाया जाता है। इस दिन मां सरस्वती प्राकट्योत्सव के रुप में मनाया जाता है। बसंत पंचमी का दिन माता सरस्वती जयंती के रुप में मनाया जाता है। इस दिन से बसंत ऋतु की शुरुआत हो जाती है। इसके साथ ही बसंत पंचमी के दिन से ही माथुरा-वृंदावन में होली का उत्सव शुरु होता है जो 40 दिन तक चलता है। इस दिन माता सरस्वती की पूजा की जाती है। आइए आपको बताते हैं बसंत पंचमी पर सरस्वती पूजा का शुभ मुहूर्त क्या है और इस दिन बन रहे यह शुभ योग के बारे में क्या बताते हैं।

पंचांग के अनुसार, माघ शुक्ल पंचमी तिथि 2 फरवरी को सुबह 9.14 बजे से 3 फरवरी को सुबह 6.52 बजे तक है। उदया तिथि के अनुसार बसंत पंचमी 2 फरवरी को मनाई जाएगी।

बसंत पंचमी के दिन बन रहे हैं ये शुभ योग

पंचांग के मुताबिक, 2 फरवरी को बसंत पंचमी के दिन उत्तराभाद्रपद नक्षत्र का निर्माण होगा, जिस पर शिव और सिद्ध योग का संयोग रहने वाले हैं। इस दिन पर सूर्य मकर राशि में रहेंगे।

## चीन के निर्णय से भारत सकते में

डॉ. एन.के. सोमानी

पिछले साल अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में जब पूर्वी लद्दाख को लेकर भारत और चीन के बीच समझौते की खबर आई तो एकबारगी लगा कि एशिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं और परमाणु सशस्त्र सेनाओं के बीच संबंध सामान्य हो रहे हैं।

दोनों देशों के रिश्तों में 'हिन्दी-चीनी भाई-भाई' वाली नरमी लौटने से एक उम्मीद जगी थी कि एशियाई रिजन तनाव व संघर्ष के वातावरण से मुक्त हो सकेगा। दुर्भाग्य से पारंपरिक प्रतिद्वंद्वी राष्ट्रों के बीच विश्वास बहाली की जमीन पुख्ता हो पाती इससे पहले ही चीन ने तिब्बत में ब्रहमपुत्र नदी पर दुनिया के सबसे बड़े डैम प्रोजेक्ट को मंजूरी देकर विवाद को हवा दे दी। चीन के इस निर्णय से भारत सकते में है। भारत का मानना है कि चीन के इस प्रोजेक्ट से निचले बहाव वाले देशों खासकर भारत और बांग्लादेश पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। भारत ने इस प्रोजेक्ट पर कड़ी आपत्ति प्रकट की है। उसने चीन सरकार को दो टूक कहा है कि किसी भी तरह के निर्माण से पहले निचले बहाव वाले देशों के हितों का ध्यान रखा जाए। भारत का मानना है कि बांध का निर्माण जलवायु परिवर्तन, पर्यावरणीय क्षति और निचले इलाकों में जल संकट उत्पन्न कर सकता है। हालांकि, चीन ने योजना का बचाव करते हुए कहा है कि दाकों के अध्ययन के बाद सुरक्षा मुद्दों का समाधान किया गया है, इसलिए बांध के निर्माण से दूसरे देशों पर कोई नकारात्मक असर नहीं पड़ेगा, लेकिन सवाल यह है कि चीन की कथनी और करनी पर किस हद तक भरोसा किया जाए। बांग्लादेश की युनूस सरकार ने परियोजना पर सवाल खड़े किए हैं। ब्रह्मपुत्र नदी तिब्बत के कैलाश पर्वत के पास मानसरोवर झील के पूर्व की ओर से निकलती है। भारत के अरुणाचल प्रदेश और असम से होते हुए यह बांग्लादेश तक जाती है। इसकी कुल लंबाई 2880 किमी है। तिब्बत में इसका नाम यारलुंग सांगपो है। तिब्बत में इसका बहाव क्षेत्र 1625 किमी है। भारत में इसकी लंबाई 918 किमी है। यहां इसे सियांग, दिहांग और ब्रहमपुत्र के नाम से जाना जाता है। नदी का बाकी 337 किमी का हिस्सा बांग्लादेश में है, जहां इसे %जमुना कोयला' कहा जाता है। तीन देशों में बहाव क्षेत्र होने के कारण नदी पर शुरू की जाने वाली किसी भी परियोजना या एक तरफा तौर पर होने वाले निर्माण पर सवाल उठने लगते है। पिछले 25 दिसम्बर को जब चीन ने ब्रह्मपुत्र पर 60,000 मेगावाट की क्षमता वाली दुनिया की सबसे बड़ी जलविद्युत परियोजना के निर्माण की घोषणा की खबरे मीडिया में आई तो भारत सरकार हरकत में आई।

## श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए पुष्प वर्षा की संख्या में हो सकती है वृद्धि

महाकुम्भ नगर। महाकुम्भ 2025 में मौनी अमावस्या के पावन अवसर पर योगी सरकार ने श्रद्धालुओं के अनुभव को यादगार बनाने के लिए विशेष तैयारी की है। इस अमृत स्नान पर्व पर श्रद्धालुओं पर आसमान से गुलाब की पंखुड़ियों से पुष्प वर्षा की जाएगी। अनुमान जताया जा रहा है कि मौनी अमावस्या पर 10 करोड़ श्रद्धालु अमृत स्नान करेंगे। पुष्प वर्षा का यह आयोजन श्रद्धालुओं के लिए अद्वितीय अनुभव और उत्साह का संचार करेगा और श्रद्धालुओं की धार्मिक आस्था और उत्साह को नई ऊंचाई देगा। श्रद्धालु इस अनोखे अनुभव को देखने और महसूस करने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

मौनी अमावस्या के इस पावन पर्व पर 10 करोड़ श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की जाएगी। इसके लिए लगभग 25 क्विंटल गुलाब की पंखुड़ियों की व्यवस्था की गई है। उपनिदेशक उद्यान, प्रयागराज मंडल कृष्ण मोहन चौधरी ने बताया कि श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए 5 क्विंटल अतिरिक्त गुलाब की पंखुड़ियां भी तैयार रखी गई हैं, ताकि आवश्यकता पड़ने पर पुष्प वर्षा की संख्या को बढ़ाया जा सके।

## कांग्रेस की विभाजनकारी राहों से जुड़े खतरे

संविधान के खतरे में होने के कांग्रेस के दुष्प्रचार का लाभ भले ही कुछ सीमा तक लोकसभा चुनाव मिला हो, लेकिन हर बार मतदाता ऐसे नारों एवं दुष्प्रचार में गुमराह नहीं होने वाला है। वैसे भी काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती।

कांग्रेस पार्टी की नीति हमेशा से विभाजनकारी रही है। इनका एजेंडा ही रहा है देश में जाति, धर्म, भाषा और क्षेत्र के नाम पर बंटवारा करके अराजकता का माहौल बनाना। इसके लिये वह कभी संविधान को खतरे में बताती है तो कभी जातिगत जनगणना की मांग करती है। एक बार फिर डॉ. भीमराव आंबेडकर की जन्मस्थली महू में रैली के दौरान कांग्रेस ने जिस तरह इस पर जोर दिया कि संविधान पर हमला किया जा रहा है और महात्मा गांधी का अपमान किया जा रहा है, उससे उसकी विचारशून्यता एवं राजनीति अपरिपक्वता ही प्रकट नहीं हो रही है,, बल्कि देश को बांटने की मानसिकता भी उजागर हो रही है। यदि कांग्रेस के रणनीतिकार एवं नेता यह समझ रहे हैं कि वे संविधान के संदर्भ में भय का भूत खड़ा करने और भाजपा एवं संघ के नेताओं के बयानों को तोड़-मरोड़कर पेश करने से देश की जनता को गुमराह करने, बरगलाने में समर्थ हो जाएंगे तो ऐसा अब होने वाला नहीं है। उलटे इस क्रम में कांग्रेस की विश्वसनीयता और अधिक गिर सकती रही है और वह हास्यास्पद स्थिति का शिकार होकर अपनी राजनीतिक जमीन को कमजोर ही कर रही है। ऐसा हरियाणा, महाराष्ट्र के चुनावों में हुआ है और अब दिल्ली के विधानसभा चुनाव भी ऐसे ही होते हुए दिख रहे हैं।

संविधान के खतरे में होने के कांग्रेस के दुष्प्रचार का लाभ भले ही कुछ सीमा तक लोकसभा चुनाव मिला हो, लेकिन हर बार मतदाता ऐसे नारों एवं दुष्प्रचार में गुमराह नहीं होने वाला है। वैसे भी काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती। कांग्रेस इस बात को भी तूल दे रही है कि महात्मा गांधी के साथ डॉ. आंबेडकर का अपमान किया जा रहा है। ये ऐसी बातें हैं, जिनका कोई मूल्य-महत्व नहीं। यह सब अंधेरे में तीर चलाने जैसा है। यह असत्य एवं झूठ की राजनीति है। कांग्रेस भले ही सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने की बातें कर रही हो, लेकिन सच यह है कि वह सामाजिक विभाजन की खाई को चैड़ा करते हुए देश को जोड़ने नहीं, बल्कि तोड़ने में जुटी हुई है। अब मतदाता समझदार हो चुका है, वह ऐसे झूठे प्रचार में बार-बार नहीं आने वाला है। कांग्रेस सामाजिक न्याय की बात करते हुए भाजपा के साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को भी निशाने पर ले रही है, लेकिन कांग्रेस की इन कुचालों का भाजपा एवं आरएसएस करारा जबाव दे रहे हैं। गत दिवस ही संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कांग्रेस एवं उसके नेता राहुल गांधी को नसीहत देते हुए कहा- बंधुभाव ही असली धर्म है। यही बात डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर ने संविधान-प्रस्तुति के समय अपने भाषण में भी समझाई है। भागवत ने कहा- समाज आपसी सद्भावना के आधार पर काम करता है। इसलिए मतभेदों का सम्मान किया जाना चाहिए। प्रकृति भी हमें विविधता देती है। वे विविधता को जीवन का हिस्सा मानते हैं। उन्होंने कहा कि आपकी अपनी विशेषताएं हो सकती हैं, लेकिन आपको एक-दूसरे के प्रति अच्छा व्यवहार करना चाहिए। अगर आप जीना चाहते हैं, तो आपको एक साथ रहना चाहिए। लेकिन कांग्रेस वर्तमान में ही नहीं, बल्कि अतीत में भी विभाजनकारी नीति को बल देते हुए भारतीय इंसानों को बांटती रही है। गांधीजी ने आजादी के बाद ही यह बात समझ ली थी। इसीलिए गांधीजी ने कहा था कि कांग्रेस को खत्म कर देना चाहिए। लेकिन कांग्रेस गांधी के अनुसार तो खत्म नहीं हुई लेकिन देश में विभाजनकारी नीति के कारण जनता द्वारा नकारी जा रही है, खत्म होने के कगार पर पहुंच रही है।

कांग्रेस भारत की 'सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय' की भावना को दबा रही है, सनातन परंपरा को दबा रही है। अनेक वर्षों तक दिल्ली पर राज करने वाली कांग्रेस सत्ता में वापस आने के लिए इतनी बेचैन है कि वो हर दिन नफरत, द्वेष एवं घृणा की राजनीति कर रही है। कांग्रेस सांप्रदायिकता और जातिवाद के विष को दिल्ली चुनाव में भी उडेल रही है। हिंदू समाज को तोड़ना और उसे अपनी जीत का फॉर्मूला बनाना ही कांग्रेस की राजनीति का आधार है और यही उसको रसातल में ले जा रहा है। कांग्रेस की जातिगत जणगणना की मांग भी उसकी विभाजनकारी नीति को ही दर्शाती है। मोदी सरकार जनगणना कराने की तैयारी कर रही है। सरकार के सामने समस्या केवल यह नहीं है कि जनगणना शीघ्र कराई जाए बल्कि मूल समस्या यह है कि कांग्रेस की जाति आधारित जनगणना की मांग का सामना कैसे किया जाए। विपक्षी दल और विशेष रूप से कांग्रेस जातिगत जनगणना पर जोर दे रही है, जो केवल संकीर्ण राजनीतिक स्वार्थों के इरादे से की जा रही है। जातिगत जनगणना का उद्देश्य समाज को चुनावी लाभ के लिए जातियों में गोलबंद करना और जातिगत आरक्षण को तूल देकर वोटबैंक की राजनीति को धार देना है। इसकी पुष्टि विपक्षी नेताओं और विशेष रूप से राहुल गांधी के ऐसे बयानों से होती है कि अमुक-अमुक जाति के लोगों को दबाया जा रहा है। यह और कुछ नहीं, समाज को जानबूझकर बांटने की घातक चेष्टा है।

यह सही है कि भारतीय समाज जातियों में विभाजित रहा है, लेकिन अब जब यह विभाजन लगातार कम होता जा रहा है, तब जाति जनगणना कराकर जाति की राजनीति करने वालों को सामाजिक विभाजन का अवसर नहीं दिया जाना चाहिए। क्योंकि यह जातीय वैमनस्य को ही हवा देगा और इससे विभाजनकारी प्रवृत्तियों के सिर उठाने का ही खतरा है। जातिगत जनगणना बेहद जटिल होने के साथ विभाजनकारी भी है। यही कारण है कि 2011 में मनमोहन सरकार ने जाति जनगणना कराने के बाद भी उसके आंकड़े सार्वजनिक करना सही नहीं समझा था। क्योंकि कई ऐसी जातियां हैं, जिनकी एक राज्य में सामाजिक और आर्थिक हैसियत दूसरे राज्य से बिल्कुल भिन्न है। इतना ही नहीं, कहीं उनकी गिनती अनुसूचित जाति में होती है तो कहीं पिछड़ी जाति में। जाति जनगणना के पीछे यह तर्क दिया जाता है कि पिछड़ेपन का एकमात्र आधार जाति है। एक समय ऐसा था, लेकिन अब हालात बदल चुके हैं। आज शहरों में किसी को इससे मतलब नहीं कि कौन किस जाति का है।

## -:: आज का राशिफल ::-




मेष राशि- आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज आपके ऊपर भगवान की कृपा बनी रहेगी। आज आपका मन भावनात्मक तौर पर अधिक मजबूत रहेगा।

वृष राशि- आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। जीवनसाथी के साथ किसी बात को लेकर चल रही अनबन आज समाप्त होगी। परिवार के किसी सदस्य की सेहत में सुधार होने से आप राहत महसूस करेंगे।

मिथुन राशि- आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज अपना कामकाज समय से पूरा कर लेंगे, जिससे आपको रिलेक्स फिल होगा। बहुत दिनों से जिस काम को लेकर परेशान थे वो आज पूरा होगा।

कर्क राशि- आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपको अपने खर्चों के प्रति सावधान रहना होगा। आप व्यर्थ के खर्चों पर अधिक ध्यान ना दें, अपने सामानों को खरीदने से पहले आवश्यक कार्यों की लिस्ट बनाएं, इससे आपका समय बचेगा।

सिंह राशि- आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। अगर आपका मन किसी कारणवश उलझन में है, तो उसे शांत करने के लिए बच्चों के साथ थोड़ा समय बितायेंगे।

कन्या राशि- आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज व्यक्तिगत जिम्मेदारियों का निर्वाहन अच्छे से करेंगे। इस राशि के राजनीतिज्ञों को, लोगों का समर्थन मिलेगा। लोग आपके कार्यों की तारीफ करेंगे।

तुला राशि- आज आपका दिन ख़ुशी से भरा रहेगा। आपके कामों की गति धीमी रहेगी, लेकिन मित्रों के साथ आपके रिश्ते बेहतर रहेंगे। आप परिवार में सबको खुश रखने की कोशिश में लगे रहेंगे।

वृश्चिक राशि- आज आपका दिन नयी उमंग लेकर आया है। काफी समय से चल रही किसी समस्या का आज समाधान ढूंढ लेंगे। लोगों के विचार और आपके बारे में बोली गई बातों के कारण... आप मन ही मन उलझन में रहेंगे।

धनु राशि- आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज किसी से बात करते समय अपनी वाणी में मधुरता रखें। पेट की समस्या से परेशान लोगों को ऑयली खाने से बचना चाहिए। आज संतान पक्ष से सुखद अनुभूति होगी।

मकर राशि- आज आपका दिन उत्तम रहने वाला है। आज आपको महत्वपूर्ण मीटिंग में शामिल होने का मौका मिलेगा, जिसमें आपकी सहभागिता अच्छी खासी रहेगी।

कुंभ राशि- आज आपका दिन सुख शांति से भरा रहेगा। संतान पक्ष से आर्थिक सहयोग मिलेगा। आज पारिवारिक रिश्ते में मिठास बढ़ेगी। इस राशि के लोगों के घर का निर्माण कार्य जल्द पूरा हो जायेगा।

मीन राशि- आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज जिस भी क्षेत्र में आप मेहनत करेंगे उसमे सफलता हासिल होगी।



कांग्रेस ने बुधवार को 14 विवादास्पद नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक ( सीएजी ) रिपोर्ट पेश करने को लेकर आम आदमी पार्टी के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार की आलोचना की। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने आरोप लगाया कि अरविंद केजरीवाल अपनी सरकार ( यूपीए ) के खिलाफ सीएजी रिपोर्ट के फर्जी ड्राफ्ट लेकर आते थे लेकिन अब चुप हैं। पवन खेड़ा ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री को राष्ट्रीय राजधानी में आप सरकार के प्रदर्शन पर सीएजी रिपोर्ट पर बहस की चुनौती भी दी। क्या उन्होंने अपनी छ्त्र रिपोर्ट पढ़ी है? वह हमारे ( कांग्रेस ) खिलाफ फर्जी सीएजी रिपोर्ट लेकर पूरे देश में घूमते थे।

# पूर्वी भारत देश का विकास इंजन है और ओडिशा इसका एक महत्वपूर्ण हिस्सा है : पीएम मोदी

भुवनेश्वर (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को उत्कर्ष ओडिशा कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम में आए लोगों को भारत की उपलब्धियों से अवगत कराया।

उन्होंने कहा,मुझे बताया गया है कि यह ओडिशा के इतिहास में सबसे बड़ा निवेशक शिखर सम्मेलन है ङ्क 5 से 6 गुना अधिक निवेशक इसमें भाग ले रहे हैं। मैं इसके लिए ओडिशा सरकार को बधाई देता हूं। मेरा मानना है कि पूर्वी भारत देश का विकास इंजन है और ओडिशा इसका एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। जब भारत का वैश्विक विकास में बहुत बड़ा योगदान था, तो भारत के पूर्वी हिस्से दक्षिण पूर्व एशिया के साथ व्यापार का मुख्य केंद्र हुआ करते थे।

पीएम मोदी ने कहा,2025 की शुरुआत में जनवरी में ओडिशा की यह मेरी दूसरी यात्रा है। कुछ दिन पहले, मैं प्रवासी भारतीय दिवस कार्यक्रम का हिस्सा था, और आज मैं यहां उत्कर्ष ओडिशा कॉन्क्लेव में हूं। मैं ओडिशा के लोगों को बधाई देता हूं।

प्रधानमंत्री ने कहा,जब इंडोनेशिया के राष्ट्रपति भारत के दौरे पर थे, तो उन्होंने कहा कि ओडिशा उनके डीएनए में है। ओडिशा के पास एक विरासत है, जो इसे दक्षिण पूर्व एशिया से जोड़ती है। इस सदी में ओडिशा फिर से उस विरासत को पुनर्जीवित करने के लिए काम कर रहा है।

उन्होंने कहा,ओडिशा में हमारी सरकार लगातार नई-नई संभावनाओं को विकसित करने की दिशा में काम कर रही है। यहां हमारी हजारों करोड़ों रुपये की परियोजनाएं चल रही हैं। हमारी सरकार ओडिशा को उद्योगों का हब बनाने की कोशिश कर रही है। ओडिशा ब्लू इकोनॉमी के नाम पर भी देश के शीर्ष राज्यों में शामिल होने जा रहा है।

हम भारत में एक ऐसी सप्लाई चेन बनाएंगे जिससे विश्व में होने वाले उतार-चढ़ाव का असर न पड़े।

उन्होंने कहा कि आज की तारीख में कोई भी इंडस्ट्री अत्यधिक तकनीक के बिना आगे नहीं बढ़ सकती है। हमारी सरकार अर्थव्यवस्था की गति को आगे बढ़ाने में लगी हुई है। हम लगातार एक ऐसी दिशा में काम कर रहे हैं, जिससे हमारे उद्योगों को फायदा पहुंचे। हमें पूरा विश्वास है कि ओडिशा समृद्ध होगा। इस दिशा में हम लगातार काम कर रहे हैं। यहां हजारों वर्षों से हमारी संस्कृति पाई जाती है। यह राज्य विकास और विरासत का अद्भुत मॉडल है। इस भाव के साथ ही हम लोगों ने जी-20 में कई तथ्यों को प्रस्तुत करने का प्रयास किया। उत्कर्ष ओडिशा में हमें पर्यटन उद्योग से जुड़े तथ्यों को प्रस्तुत करना है। हमें इको-टूरिज्म को विस्तृत करना है।

प्रधानमंत्री ने आगे कहा,आज के समय में अनुसंधान और नवाचार की आवश्यकता है। सरकार अनुसंधान के लिए एक जीवंत पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए काम कर रही है और इसके लिए एक विशेष फंड भी तैयार किया गया है। उद्योगों को आगे आना चाहिए और सरकार के साथ काम करना चाहिए, यह सभी की अपेक्षा है।

उन्होंने कहा,आज की तारीख में बड़े-बड़े निवेशक और कलाकार भारत की तरफ आकर्षित हो रहे हैं। आप सभी दुनिया भर में यात्रा करते हैं और दुनिया भर के लोगों से मिलते हैं। आज, भारत को समझने की जिज्ञासा बढ़ रही है, जिसे आप हर जगह अनुभव करते हैं। भारत को समझने के लिए ओडिशा एक आदर्श स्थान है। इसमें हजारों साल की विरासत और इतिहास है। आध्यात्मिकता, घने जंगल, पहाड़ और महासागर, सब कुछ एक ही स्थान पर अनुभव किया जा सकता है।



केंद्रीय राय मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी ने बागपत जिले के बड़ौत में जैन निर्वाण महोत्सव के दौरान हुए दुखद हादसे के स्थल का निरीक्षण किया.



लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने नई दिल्ली में महर्षि वाल्मीकि मंदिर में पूजा-अर्चना की.

## गहराता जा रहा है जल संकट पर विवाद, चुनाव आयोग ने आतिशी और सीएम मान को बुलाया

नई दिल्ली (आरएनएस)। यमुना में बढ़ते अमोनिया के स्तर को लेकर अब जल विवाद और बढ़ता जा रहा है। आम आदमी पार्टी ने भाजपा और केंद्र सरकार के साथ-साथ हरियाणा सरकार पर भी साजिशन अमोनिया का पानी यमुना नदी में छोड़ने का आरोप लगाया है। वहीं हरियाणा सरकार ने भी इसे चुनावी स्टंट करार देते हुए केजरीवाल के खिलाफ गलत बयानी पर मानहानि का दावा करने की बात की है। इस मुद्दे को लेकर दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने चुनाव आयोग को एक पत्र लिखा था और उनसे मिलने का समय मांगा था। जिस पर उन्हें 28 जनवरी मंगलवार को शाम 4 बजे का समय दिया गया है। आतिशी के मुताबिक हरियाणा से दिल्ली में प्रवेश के समय यमुना के पानी में अमोनिया का स्तर सामान्य से 6 गुना अधिक बना हुआ है। ऐसे स्तर मानव शरीर के लिए बेहद विषैले होते हैं। इस पानी को ट्रीट करके दिल्ली के लोगों को सप्लाई नहीं किया जा सकता। अन्यथा उनकी जान खतरे में पड़ जाएगी।

आतिशी के मुताबिक इस जहरीले पानी को दिल्ली में आने से रोकने के लिए एक बार फिर चुनाव आयोग को पत्र लिखकर हस्तक्षेप की मांग की है। आतिशी की चिट्ठी पर अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि आज 4 बजे चुनाव आयोग ने मिलने का समय दिया है। आतिशी और मान को मिलने के लिए बुलाया है। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों ने ये कन्फर्म किया है कि दिल्ली के अंदर जो पानी आ रहा है उसमें अमोनिया नाम का जहर मिक्स आ रहा है। इसी मुद्दे पर आज 4 बजे भगवंत मान और आतिशी को चुनाव आयोग ने मिलने का टाइम दिया है।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मेरे को डरा रहे हैं कि केस कर देंगे। कोई कसर छोड़ रखी है तुम लोगों ने, जेल भेज दिया अब क्या फांसी पर चढ़ाओगे? उन्होंने कहा कि क्या तुम जनता को मारना चाहते हो, दिल्ली की जनता को तुम जहर का पानी पिलाओगे और केजरीवाल आवाज उठाएगा तो डराओगे। लेकिन मैं दिल्ली की जनता को मरने नहीं दूंगा। मैं जहर का पानी नहीं पिलाऊंगा।

उन्होंने हरियाणा के मुख्यमंत्री से कहा कि सैनी साहब अपनी पार्टी को समझाओं कि पानी पिलाने का पुण्य होता है। वहीं चुनाव आयोग को लिखे अपने पत्र में आतिशी ने कहा है कि दिल्ली जल बोर्ड के सीईओ के नोट में सूचीबद्ध तथ्यों से यह स्पष्ट होता है कि डीजेबी जल उपचार संयंत्र केवल 1 पीपीएम स्तर तक अमोनिया के उपचार के लिए डिज़ाइन किए गए हैं।

नोट इस तथ्य की ओर भी इशारा करता है कि हरियाणा से यमुना नदी के माध्यम से दिल्ली आने वाले पानी में हरियाणा से अनुपचारित सीवेज या औद्योगिक अपशिष्ट के मिश्रण के कारण अमोनिया का स्तर लगातार बढ़ गया है, पिछले दो दिनों में स्तर 7 पीपीएम से अधिक यानी 700 तक बढ़ गया है जो ट्रीटमेंट करने लायक नहीं है। उन्होंने अपने पत्र में लिखा है कि हरियाणा से आने वाले पानी में अमोनिया के इन जहरीले स्तरों ने दिल्ली के जल उपचार संयंत्रों को प्रभावी ढंग से पानी का उपचार करने में लगभग असमर्थ बना दिया है,

## प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं से मनमाने दाम वसूल रही हैं विमान कंपनियां : राघव चड्ढा

नई दिल्ली (आरएनएस)। आम आदमी पार्टी (आप) सांसद राघव चड्ढा ने प्रयागराज महाकुंभ के लिए फ्लाइट किराए कम करने की सरकार से अपील करते हुए ये सवाल उठाया है कि जिन फ्लाइट में आम दिनों में टिकट 5 से 6 हजार का होता था, वह 50 से 60 हजार का मिल रहा है।

उन्होंने सरकार से अपील की है कि इस किराए पर कैंपिंग लगाई जाए, ताकि ज्यादा से ज्यादा श्रद्धालु महाकुंभ में पहुंचकर अपनी भागीदारी दर्ज कर सकें। उन्होंने कहा कि सनातन धर्मियों के लिए महाकुंभ आस्था और अध्यात्म का सबसे बड़ा पर्व है। आज जब 144 वर्षों के बाद प्रयागराज में महाकुंभ चल रहा है, तब देश ही नहीं बल्कि दुनिया भर के लाखों करोड़ों लोग स्नान, साधना और तपस्या करने के लिए प्रयागराज जाना चाहते हैं। उन्होंने आगे कहा,मगर हैरानी की बात यह है कि आस्था और पवित्रता के महापर्व को एयरलाइंस ने, यानी की फ्लाइट कंपनियों ने, अपनी मनमानी कमाई के अवसर में तब्दील कर दिया है। सामान्य दिनों में प्रयागराज की फ्लाइट का खर्च 5 से 8 हजार हुआ करता था। आज वही फ्लाइट आपको 50 से 60 हजार रुपए तक की खरीदनी पड़ रही है। यानी की फ्लाइट कंपनियां श्रद्धालुओं से मनमाने रेट वसूल रही हैं।



अमृतसर में मेयर के चुनाव के बाद कांग्रेस नेताओं ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ पंजाब सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

## बाबा सिद्दीकी की हत्या की वजह आई सामने, शूटर ने किया सनसनीखेज खुलासा

नई दिल्ली (आरएनएस)। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के नेता रहे बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। मुख्य शूटर शिवकुमार गौतम ने पुलिस को दिए अपने इकबालिया बयान में बताया है कि कुख्यात गैंगस्टर अनमोल बिश्नोई ने 'दाऊद इब्राहिम से संबंध और 1993 के मुंबई धमाकों में संलिप्तता' के चलते सिद्दीकी की हत्या का आदेश दिया था। मुख्य शूटर शिवकुमार गौतम ने पुलिस को बताया कि उसे बाबा सिद्दीकी या उनके बेटे जीशान सिद्दीकी को मारने के लिए कहा गया था और इसके लिए उसे 15 लाख रुपये देने का वादा किया गया था।

गौतम ने बताया कि उसे बताया गया था कि सिद्दीकी के दाऊद इब्राहिम से संबंध हैं और 1993 के मुंबई धमाकों में उनकी संलिप्तता है, जिसके कारण उनकी हत्या की जानी चाहिए।

पुलिस की जांच और गिरफ्तारियां मुंबई पुलिस ने सिद्दीकी की हत्या के मामले में आरोपपत्र दायर कर दिया है, जिसमें अनमोल बिश्नोई के नेतृत्व वाले अपराध सिंडिकेट को हत्या का जिम्मेदार ठहराया गया है। पुलिस ने इस मामले में 25 से अधिक आरोपियों को गिरफ्तार किया है,


## हमारे तो नागा साधु ही काफी, मिलिट्री की जरूरत ही नहीं पड़ेगी, धर्म संसद में बोले देवकीनंदन ठाकुर

नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रयागराज महाकुंभ में धर्म संसद का आयोजन किया गया। जहां कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर ने असदुद्दीन ओवैसी के भाई अकबरुद्दीन ओवैसी के 12 साल पुराने बयान पर टिप्पणी की है। इस धर्म संसद में कई साधु संत मौजूद रहे।

देवकीनंदन ठाकुर ने कहा कि वक़्फ़ बोर्ड कहता है कि प्रयागराज की कुंभ भूमि हमारी है। किसी दिन वक़्फ़ बोर्ड कह देगा कि पूरा भारत हमारा है तब कहां जाओगे। बांग्लादेश में हिन्दू बोर्ड नहीं, पाकिस्ताम में हिन्दू बोर्ड नहीं तो हिन्दुस्तान में वक़्फ़ बोर्ड क्या कर रहा है। बहुत सह लिया, हिन्दू हक़ ले कर रहेंगे। देवकीनंदन ठाकुर ने कहा कि अगर देखना चाहते हो तो ये भी अरमान पूरा करके देख लो। हमारे तो नागा साधु ही काफी हैं, मिलिट्री की ज़रूरत ही नहीं पड़ेगी। साधु संतों की सबसे बड़ी संस्था अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद ने यह धर्म संसद बुलाई है। ये धर्म संसद सेक्टर 17 में कथा वाचक देवकीनंदन ठाकुर के पंडाल में हो रही है। इस धर्म संसद में चारों पीठ के शंकराचार्य भी शामिल रहे। इधर महाकुंभ में आज बाबा बागेश्वर की कथा शुरू भी हो रही है। यह कथा 29 जनवरी तक चलेगी। आज ही बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की महाकुंभ में कथा होने जा रही है। तीन दिनों की कथा के लिए बाबा बागेश्वर संगमनगरी पहुंचे। बागेश्वर बाबा की कथा आज से शुरू होकर 29 जनवरी को परमार्थ निकेतन में होगी।

### कश्मीर में गैर स्थानीय लोगों की हत्या के मामले में एनआईए सख्त, घाटी में कई स्थानों पर की रेड

श्रीनगर (आरएनएस)। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने मंगलवार सुबह आतंकवादियों द्वारा गैर-स्थानीय लोगों की हत्या के मामले में मंगलवार को कश्मीर में कई स्थानों पर छापेमारी की। एनआईए सूत्रों ने बताया कि ये छापे जम्मू-कश्मीर पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की सहायता से मारे जा रहे हैं। सूत्रों ने बताया,एनआईए के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) संदीप चौधरी की निगरानी में श्रीनगर, बडगाम और सोपोर इलाकों में छह स्थानों पर छापेमारी हो रही है। एनआईए जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद से संबंधित कई अपराधों की जांच कर रही है, जिसमें 9 जून 2024 को जम्मू संभाग के रियासी जिले में हिंदू तीर्थयात्रियों की हत्या और गांदरबल जिले के गगनगीर की हत्या शामिल है। आतंकवादियों ने तीर्थयात्रियों से भरी 53 सीटों वाली बस पर तब गोलीबारी की थी, जब बस शिवखोड़ी मंदिर से रियासी जिले के कटरा शहर जा रही थी। उस नृशंस हमले में नौ लोग मारे गए थे और 41 लोग घायल हो गए थे।




आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी, पार्टी नेता मनीष सिसोदिया, गोपाल राय और संजय सिंह के साथ नई दिल्ली में एक जनसभा के दौरान आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी का घोषणापत्र जारी किया।



अमृतसर के सांसद गुरजीत सिंह औजला और कांग्रेस नेता डॉ. राजकुमार ने अमृतसर में बाबा भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा को साफ किया, जब एक व्यक्ति ने प्रतिमा को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया।

## फिर शुरु होगी कैलाश मानसरोवर यात्रा, चीन के साथ बातचीत में लगी मुहर, ले सकेंगे डायरेक्ट

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारत और चीन कैलाश मानसरोवर यात्रा को फिर से शुरू करने पर राजी हो गए हैं। भारत के विदेश मंत्रालय की ओर से यह जानकारी साझा की गई है। भारत और चीन में बढ़ते तनाव को देखते हुए कैलाश मानसरोवर यात्रा रोक दी गई थी।

साल 2020 के बाद से ही यात्रा के दोनों आधिकारिक रूट भारतीयों के लिए बंद हैं। हिंदुओं की मान्यता है कि कैलाश मानसरोवर भगवान शिव का निवास स्थान है। इसलिए हर बड़े संख्या में लोग कैलाश मानसरोवर की यात्रा करते हैं। भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी बीजिंग दौरे पर हैं। जहां, उन्होंने विदेश सचिव और उप विदेश मंत्री की बैठक में शामिल हुए। दो दिनों तक चलने वाली इस बैठक में अक्टूबर में कज़ान में अपनी बैठक में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच सहमति के अनुसार, दोनों पक्षों ने भारत-चीन द्विपक्षीय संबंधों की स्थिति की व्यापक समीक्षा की और संबंधों को स्थिर करने और पुनर्निर्माण के लिए कुछ जन-केंद्रित कदम उठाने पर सहमति व्यक्त की। इस बैठक में ही दोनों पक्षों ने 2025 की गर्मियों में कैलाश मानसरोवर यात्रा को फिर से शुरू करने का फैसला लिया। इसके अलावा दोनों देश सीमा पार नदियों से संबंधित हाइड्रोलॉजिकल डेटा और अन्य सहयोग के प्रावधान को फिर से शुरू करने पर चर्चा करने के लिए भारत-चीन विशेषज्ञ स्तर की बैठक करने पर भी सहमत हुए हैं।


इस बैठक चीन द्वारा ब्रह्मपुत्र नदी पर बांध के बारे में भारत की चिंताओं से अवगत कराया गया। मिसरी ने चीन के विदेश मंत्री वांग यी समेत कई महत्वपूर्ण नेताओं से मुलाकात की भी। इस साल भारत-चीन राजनयिक संबंधों के 75 साल पूरे होने के अवसर पर संबंधों को तेजी से मजबूत करने पर सहमति बनी है। दोनों देशों के बीच इस अहम बैठक में बातचीत और आदान-प्रदान को और बढ़ावा देने और सुविधाजनक बनाने के लिए उचित उपाय करने पर सहमत हुए। इसके अलावा दोनों देशों के बीच सीधी हवाई सेवाएं फिर से शुरू करने पर सैद्धांतिक रूप से सहमत हुए। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत और चीन ने संबंधों को स्थिर करने और फिर से मजबूती देने के लिए कुछ जन-केंद्रित कदम उठाने पर सहमति व्यक्त की।



शाहरुख खान के पास अविश्वसनीय और विशाल प्रशंसक हैं जो दिन-प्रतिदिन मजबूत होते जा रहे हैं। 1988 में मनोरंजन उद्योग में प्रवेश करने के बाद से ही वे दिलों पर राज कर रहे हैं और अपनी अभिनय क्षमता से दर्शकों को आकर्षित करना जारी रखते हैं। चाहे वे टीवी शो में शामिल हों या फिल्मों की शूटिंग में व्यस्त हों, उन्होंने लगातार खुद को शोबिज की दुनिया में सर्वश्रेष्ठ साबित किया है।



# मेकर्स ने पुष्पा 3 के लिए बना लिया तगड़ा प्लान, आइटम नंबर में जान्हवी कपूर चलाएगी हुस्न का जादू



अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना की पुष्पा 2 ने पूरे हिंदी सिनेमा का दिल जीत लिया है। फिल्म की ताबड़तोड़ कमाई ने बाकी सभी फिल्मों को पछाड़ दिया है। अल्लू अर्जुन को उनके करियर की अब तक की सबसे बड़ी फिल्म मिल गई है, जिसने उन्हें नंबर 1 एक्टर बना दिया है। पुष्पा 2 ने 1800 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर फिल्म मेकर्स को मालामाल कर दिया है। थिएटर में 50 दिन पूरे करने के बाद भी फिल्म की कमाई थमी नहीं है। अभी भी उम्मीद की जा रही है कि यह फिल्म आमिर खान की दंगल के 2000 करोड़ के रिकॉर्ड को तोड़ सकती है। पुष्पा फ्रेंचाइजी की बात करें तो मेकर्स ने फिल्म के हर पार्ट में एक आइटम सॉन्ग रखा है, जो लोगों की जुबान से उतर ही नहीं रहा है। स्टार संगीतकार देवी श्री प्रसाद ने पुष्पा द राइज और पुष्पा द रूल में दो खास गानों ऊ अंतवा मावा और किसिक से जिस तरह का जबरदस्त धमाल मचाया था। दोनों फिल्मों के इन गानों को यूट्यूब पर भी लाखों बार देखा जा चुका है। पुष्पा 2 की ऐतिहासिक सफलता के बाद अब सबकी निगाहें पुष्पा फ्रेंचाइजी के तीसरे पार्ट पर टिकी हैं। डायरेक्टर सुकुमार ने पुष्पा 2 को एक दिलचस्प मोड़ पर खत्म किया है, आगे क्या होगा ये जानने के लिए फैंस काफी उत्साहित हैं। हाल ही में देवी श्री प्रसाद ने अपने नए बयान में पुष्पा 3 के स्पेशल सॉन्ग को लेकर बात की। देवी श्री प्रसाद की मानें तो वो अल्लू अर्जुन की पुष्पा 3 के स्पेशल सॉन्ग में बॉलीवुड एक्ट्रेस जान्हवी कपूर को देखना चाहते हैं। उनका कहना है कि जान्हवी अपनी मां श्रीदेवी की तरह ही बेहद खूबसूरत हैं। देवी श्री प्रसाद ने आगे कहा कि उन्होंने पुष्पा 2 के चार्टबस्टर किसिक गाने के लिए श्रीलीला का नाम सुझाया था, क्योंकि वो एक बेहतरीन डांसर हैं। उन्होंने ये भी कहा कि उनके द्वारा बनाए गए स्पेशल सॉन्ग में सामंथा, काजल अग्रवाल और पूजा हेगड़े ने भी अपना जादू दिखाया था.

**सिद्धार्थ मल्होत्रा की नई फिल्म वनः फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट की अनाउंसमेंट, मैथोलॉजिकल थ्रिलर छठ पर होगी रिलीज**

बालाजी मोशन पिक्चर्स और द वायरल फीवर (टीवीएफ) ने अपने नेक्स्ट प्रोजेक्ट, वीवीएएन के लिए पहली बार हाथ मिलाया है. कहना होगा की ये पार्टनरशिप सिनेमेटिक लैंडस्केप को बदलने वाली है. बालाजी टेलीफिल्म्स की एकता आर. कपूर और टीवीएफ के अरुणाभ कुमार कंटेंट इंडस्ट्री के लीडर हैं. दोनों अपनी शानदार क्रिएशन्स के साथ अलग-अलग प्लेटफॉर्म्स पर अपनी अनोखी कहानियों से दर्शकों का दिल जीत रहे हैं. दोनों प्रोडक्शन हाउस ने यह घोषणा की है, जिससे इस एक अनोखे सिनेमेटिक एक्सपीरियंस के लिए उत्साह पैदा हो गया है.

## फिल्म लैला से विश्वक सेन का एकदम नया स्टाइलिश पोस्टर आउट

विश्वक सेन की आने वाली फिल्म लैला का स्टाइलिश फर्स्ट लुक पोस्टर जारी किया गया है, जिसमें पुरुष और महिला दोनों तरह की भूमिकाएं निभाने में उनकी बहुमुखी प्रतिभा को दर्शाया गया है। राम नारायण द्वारा निर्देशित और शाइन स्क्रीन के तहत साहू गरपति द्वारा निर्मित, लैला एक रोमांटिक एक्शन एंटरटेनर है। पोस्टर में विश्वक सेन को सोनू मॉडल के रूप में दिखाया गया है, जो आत्मविश्वास और रवैये के साथ-साथ सोने की एक्सेसरीज और बोल्ड टैटू के साथ दिखाई दे रहे हैं। उनके हाव-भाव उनके किरदार की जटिल प्रकृति का संकेत देते हैं। यह बदलाव विश्वक सेन की विविधता को दर्शाता है, साथ ही आकांक्षा शर्मा की मुख्य महिला के रूप में पहली फिल्म भी है। लैला में वासुदेव मूर्ति (पटकथा), रिचर्ड प्रसाद (छायाचित्रण), लियोन जेम्स (संगीत) और ब्रह्मा कदली (कला निर्देशन) सहित प्रतिभाशाली तकनीकी दल शामिल हैं।

# नोरा फतेही ने शॉर्ट ड्रेस में पैपराजी के सामने फ्लॉन्ट किया परफेक्ट फिगर, फोटोज देख लट्टू हुए फैंस

अपने डांसिंग स्टाइल से लोगों को दीवाना बनाने वाली एक्ट्रेस नोरा फतेही आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। एक्ट्रेस अपनी हॉटनेस के चलते आए दिन सुर्खियों में बनी रहती हैं। हाल ही में पैपराजी ने एक्ट्रेस को कही पर जाते हुए स्पॉट किया। इस दौरान उनका किलर लुक देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं।

नोरा फतेही आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोज सोशल मीडिया पर शेयर कर फैंस को अपने हुस्न का दीवाना बनाए रहती हैं। उनका स्टनिंग अंदाज इंटरनेट पर आते ही बवाल मचाने लगता है।

एक्ट्रेस नोरा फतेही का हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही ट्रेंड करने लगता है। चाहे इंडियन हो या फिर वेस्टर्न एक्ट्रेस अपने हर एक लुक में बवाल काटती हैं।

अब हाल ही में नोरा फतेही को पैपराजी ने कहीं पर जाते हुए स्पॉट किया। इस दौरान उनका लेटेस्ट लुक इंटरनेट पर आते ही छा गया।

फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस नोरा फतेही ने व्हाइट कलर का शॉर्ट ड्रेस पहना हुआ है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक स्टनिंग पोज देती हुई नजर आ रही हैं।

नोरा फतेही की इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस ने हाथ में छोटा सा बैग व्हाइट हील्स,



लाइट मेकअप और खुले बाल कर के अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।

बता दें कि जब भी कोई इवेंट या पार्टी होती है तो पैपराजी अक्सर सेलेब्स को अपने कैमरे में कैद करने के लिए बेताब रहते हैं। उनका हर एक लुक अपने कैमरे में कैप्चर कर सोशल मीडिया पर शेयर करते हैं, जिससे फैंस को भी एक झलक देखने को मिल पाती है।

## सनी देओल की साउथ डेब्यू जाट की रिलीज डेट आउट, बाहुबली और केजीएफ स्टार से भिड़ेगा तारा सिंह

सनी देओल की अपकमिंग एक्शन थ्रिलर फिल्म जाट के टीजर को दर्शकों ने खूब पसंद किया और तब से ही फैंस इसके ट्रेलर और रिलीज डेट का इंतजार कर रहे हैं. अब फाइनली फिल्म की रिलीज डेट से पर्दा उठ चुका है. आपको बता दें कि सनी देओल की थिएटर में यश और प्रभास जैसे बड़े साउथ इंडियन हीरोज से टक्कर होने वाली है. इसके अलावा उस समय और भी फिल्में इसके आस-पास रिलीज होंगी. सनी देओल की जाट को पुष्पा 2 के मेकर्स मैथ्री मूवी मेकर्स प्रोड्यूस कर रहे हैं. प्रोडक्शन हाउस ने फिल्म से एक नया पोस्टर रिलीज करते हुए इसकी रिलीज डेट अनाउंस की. पोस्टर के साथ कैप्शन लिखा, जाट की दुनियाभर में ग्रैंड रिलीज 10 अप्रेल को होगी. ये फिल्म हिंदी, तेलुगु और तमिल में रिलीज होने जा रही हैं. इसे गोपीचंद ने डायरेक्ट किया है वहीं मैथ्री मूवी मेकर्स ने इसे प्रोड्यूस किया है. सनी देओल की जाट 10 अप्रेल को रिलीज होने जा रही है. इसी दिन दो पैन इंडिया स्टार भी थिएटर में दस्तक देने वाले हैं. पहले केजीएफ स्टार यश जिनकी टॉक्सिक भी इसी दिन रिलीज होगी वहीं प्रभास की द राजा साब के लिए भी 10 अप्रेल की डेट चुनी गई है. इसका मतलब है कि सनी देओल की फिल्म को बड़ी टक्कर मिलने वाली है. यह भी कहा जा सकता है कि तीनों फिल्मों को बड़े क्लैश का सामना करना पड़ेगा. सनी देओल की जाट, यश की टॉक्सिक और प्रभास की द राजा साब थिएटर्स में 10 अप्रेल को आएंगी. इनके अलावा 14 अप्रेल को मोगली, नंदमुरी मोक्षगना, प्रभास हनु, स्पिरिट, एसएसएमबी 29 जैसी फिल्में 14 अप्रेल के लिए शेड्यूल की गई हैं. वहीं विष्णु मांचू की कन्नप्पा 25 अप्रेल को सिनेमाघरों में दस्तक देगी. देखा जाए तो अप्रेल के महीने में थिएटर्स काफी बिजी रहने वाले हैं. ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि इन बड़ी फिल्मों में कौन ज्यादा लाइमलाइट लूटकर ले जाता है और बॉक्स ऑफिस पर किसे फायदा या नुकसान पहुंचेगा. जाट की बात करें तो सनी देओल इसमें लीड रोल प्ले कर रहे हैं उनके साथ इस फिल्म में रणदीप हुड्डा हैं जो विलेन का रोल प्ले कर रहे हैं.

# आला रे देवा आला रे, शाहिद कपूर की देवा का खौफनाक टीजर रिलीज, एक्शन थ्रिलर में प्रो-एंग्री यंग मैन बने एक्टर

शाहिद कपूर अपनी आने वाली फिल्म देवा के साथ सिल्वर स्क्रीन पर धमाल मचाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं. फिल्म के लिए पहले से ही काफी एक्साइटमेंट है, वहीं अब मेकर्स ने एक्शन-एंटरटेनर का टीजर रिलीज करके दर्शकों के बीच एक्साइटमेंट बढ़ा दिया है. 5 जनवरी को मेकर्स ने सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फिल्म का टीजर रिलीज किया. 052 मिनट का टीजर हमें अलग ही सिनेमैटिक एक्सपीरियंस देता है. हम शाहिद कपूर को एक पुलिस अधिकारी के रूप में हार्ड-कोर एक्शन करते हुए देख सकते हैं, जबकि पूजा हेगड़े अपनी मौजूदगी से इसमें मसाला डालने का काम करती हैं.

अपकमिंग एक्शन थ्रिलर देवा से शाहिद कपूर बड़े पर्दे पर कमबैक करने जा रहे हैं वो भी खाकी वर्दी में. दिलचस्प बात यह है कि टीजर में कोई डायलॉग नहीं है लेकिन कहानी कहने के लिए सिर्फ शाहिद के एक्सप्रेशन ही काफी हैं. शाहिद का ट्रेडमार्क स्वैग और एक्शन और डांस सीक्वेंस में उनके मूव्स दर्शकों का दिल जीत रहे हैं. 52 सेकंड का टीजर, हाई-ऑक्टेन एक्शन, मदहोश कर देने वाले डांस मूव्स और एक एंटरटेनिंग कहानी से भरी फिल्म का दावा करता हैं.

प्रोमो की शुरुआत शाहिद के डांस फ्लोर पर अपना जलवा दिखाने से होती है जहां मौजूद भीड़ उनका उत्साह बढ़ा रही है. उनके डांस मूव्स उनके कैरेक्टर के बारे में बहुत कुछ कह रहे हैं. व्हाइट शर्ट पहने, उन्होंने इसे वर्दी की पैंट, जूते और एक पिस्तौल के साथ पेयर किया. शाहिद एक निडर पुलिस वाले की भूमिका निभाते हैं. इस इंटेंस अवतार में एक्टर ने ऐसे बेहतरीन और अनफिल्टर्ड एक्शन सीक्वेंस दिए हैं जो दर्शकों को अपनी सीट से बांधे रखने का वादा करते हैं. हाई-स्पीड चेज से लेकर एड्रेनालाईन-पंपिंग फाइट सीक्वेंस तक, शाहिद हर सीन में जान डालते हुए दिखते हैं. आखिरी में टीजर बॉलीवुड के शहंशाह अमिताभ बच्चन और उनकी विरासत को भी श्रद्धांजलि देता है, जिसमें शाहिद कपूर प्रो एंग्री मैन के रूप में दिखाई देते हैं.

फिल्म में शाहिद के साथ पूजा हेगड़े, पावेल गुलाटी, प्रवेश राणा और कुब्रा सैत खास रोल प्ले कर रहे हैं. देवा 31 जनवरी 2025 को रिलीज होने जा रही है.


**अरुण विजय स्टारर फिल्म वनांगन की रिलीज डेट आउट, निर्माताओं ने नया पोस्टर जारी कर बताई तारीख**

अभिनेता अरुण विजय ने अपनी बहुप्रतीक्षित एक्शन ड्रामा, वनंगन के नए पोस्टर के रिलीज़ के साथ एक रोमांचक सिनेमाई अनुभव के लिए मंच तैयार कर दिया है। सोशल मीडिया पर पोस्टर साझा करते हुए, अरुण विजय ने आधिकारिक रिलीज़ की तारीख की पुष्टि की: वनंगन 10 जनवरी, 2025 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में आएगी। प्रशंसक अब इस मनोरंजक एक्शन से भरपूर फिल्म के लिए अपने कैलेंडर को चिह्नित कर सकते हैं, ००

## स्काई फोर्स ने 15 करोड़ रु से भी ज्यादा से खोला खाता, बॉक्स ऑफिस पर छाई अक्षय-वीर की जोड़ी

अक्षय कुमार और वीर पहाड़िया स्टारर सच्ची घटना पर आधारित वॉर एक्शन फिल्म स्काई फोर्स ने बॉक्स ऑफिस पर अपने ओपनिंग डे से कमाल कर दिया है. स्काई फोर्स बीती 24 जनवरी को गणतंत्र दिवस के मौके पर रिलीज हुई थी और पहले ही दिन उम्मीद से ज्यादा कमाई कर डाली है. स्काई फोर्स को लेकर कहा जा रहा था कि फिल्म 5 से 7 करोड़ रुपये की कमाई करेगी, लेकिन फिल्म ने पहले दिन बता दिया कि वह रुकने वाली नहीं हैं. बता दें, फिल्म स्काई फोर्स 1965 में भारत-पाक के बीच हुए युद्ध के दौरान सरगोधा एयरबेस पर भारत की जवाबी कार्रवाई पर बेस्ड है. स्काई फोर्स को अभिषेक अनिल कपूर और संदीप केल्वानी ने मिलकर बनाया है. फिल्म मेकर्स मडोक के अनुसार, स्काई फोर्स ने पहले दिन सभी भाषाओं में भारत में नेट कलेक्शनन 15.30 करोड़ रुपये कमाए हैं. बता दें,

# बालों को लंबा, घना और मजबूत बनाने के लिए जरूर इस्तेमाल करें यह चार तेल, मिलेंगे और भी फायदे



सर्दियों में अपने त्वचा और बालों को हेल्दी बनाए रखना मुश्किल होता है. ठंड के मौसम में बाल रूखे और फटने लगते हैं, जिससे बालों के रोम कमज़ोर हो जाते हैं. सर्दियों में बालों के झड़ने और डैंड्रफ की समस्या बढ़ जाती है. ऐसे में सर्दियों में बालों को झड़ने से बचाने के लिए गर्म तेल से मालिश करना चाहिए. इससे बालों को पोषण मिलता है और वे रूखे और बेजान होने से बचते हैं. बता दें, गर्म तेल से सिर की मालिश करने से ब्लड सर्कुलेशन बढ़ता है और बाल लंबे होते हैं. इसके अलावा सिर की तेल से मालिश करने से तनाव कम होता है और नींद अच्छी आती है...

खबर के माध्यम से जानें कैसे इन चार प्राकार के तेल की मालिश से आपके बालों को पहुंचेगा फायदा, बालों के लिए कुछ अच्छे तेल ये रहे...

नारियल का तेल

नारियल का तेल बालों के लिए अच्छा होता है. आप इस तेल से बालों के रोम की मालिश कर सकते हैं. इसके एंटी-फंगल और एंटी-बैक्टीरियल गुण संक्रमण को रोकने और बालों को मजबूत बनाने में मदद करते हैं. इसलिए नारियल के तेल को हल्का गर्म करके बालों में लगाने से अच्छे परिणाम मिलते हैं. इस तेल को अपने बालों में लगाएं और थोड़ी देर बाद धो लें.

जैतून का तेल

बालों को मुलायम और चमकदार बनाने के लिए जैतून का तेल अच्छा होता है. यह तेल सिर की त्वचा की नमी बनाए रखता है और रूखेपन से राहत दिलाता है. इसमें एंटीऑक्सीडेंट होते हैं और यह बालों को पोषण देता है. इससे सिर की खुजली भी कम हो जाती है. लगभग आधे घंटे तक अपने बालों में तेल लगाएं और फिर धो लें.

बादाम का तेल

बादाम के तेल में विटामिन ई, मैग्नीशियम और फास्फोरस जैसे पोषक तत्व होते हैं. ये तत्व बालों की जड़ों को मजबूत बनाते हैं. यह डैंड्रफ की समस्या से भी छुटकारा दिलाता है. कम समय में बाल लंबे करने के लिए उबलते बादाम के तेल से मालिश करें. तो आप अपने बालों को मजबूत और खूबसूरत बनाए रखने के लिए बादाम का तेल लगा सकते हैं. लगभग 20 मिनट के लिए अपने स्कैल्प पर तेल लगाएं और अपने बाल धो लें.

अरंडी का तेल

अरंडी का तेल रिसिनोलिक एसिड से भरपूर होता है और बालों को लंबा, मजबूत बनाने में मदद करता है. यह तेल स्कैल्प को हाइड्रेट करता है और बालों को झड़ने से रोकता है. ऐसे में बालों की जड़ों को मजबूत करने के लिए अरंडी के तेल को उबालकर उससे मालिश करें. इस तेल को अपने स्कैल्प पर लगभग 20 मिनट तक लगाएं और फिर धो लें. इससे आपके बाल मजबूत, लंबे और अधिक सुंदर बनेंगे. इस तेल का इस्तेमाल आप हफ्ते में 3-4 दिन कर सकते हैं.

# पीरियड्स के दौरान पैड के अलावा इन प्रोडक्ट्स का करें इस्तेमाल, कपड़ों पर नहीं लगेंगे दाग और पैसे भी बचेंगे



महिलाओं को हर महीने पीरियड्स आता है. यह एक सामान्य प्रक्रिया है. यह गर्भाशय और अंडाशय वाले लोगों के लिए स्वस्थ मासिक चक्र का हिस्सा है. पीरियड्स तब शुरू होते हैं जब लड़कियां प्यूबर्टी में होती हैं. लेकिन पीरियड्स के पहले 3 दिनों में महिलाओं को काफी परेशानी और दर्द का अनुभव होता है. पीरियड्स के बारे में सोचकर घबराना आम बात है. क्योंकि मासिक धर्म में न केवल तेज दर्द होता है बल्कि कभी-कभी कपड़ों पर दाग भी पड़ जाते हैं, ऐसे में परेशानी और भी ज्यादा बढ़ जाती है.

एक समय था जब ज्यादातर भारतीय महिलाएं मासिक धर्म के दौरान सिर्फ कपड़े का ही उपयोग करती थीं, जो सेहत के लिए बिल्कुल भी सुरक्षित नहीं माना जाता हैं. वहीं, आजकल महिलाएं पीरियड पैड का इस्तेमाल करती हैं. वैसे तो ज्यादातर भारतीय महिलाएं पीरियड पैड का इस्तेमाल करती हैं, लेकिन बाजार में मासिक धर्म से जुड़े कई विकल्प उपलब्ध हैं.

बता दें, पैड से ब्लड लीक का खतरा बहुत ज्यादा रहता है. मासिक धर्म के शुरुआती दिनों में ब्लड फ्लो बढ़ने के कारण पैड को बार-बार बदलना भी पड़ता है. इससे कपड़ों पर दाग लगने का खतरा बढ़ जाता है. तो इस समस्या से बचने के लिए आज हम आपको कुछ अन्य पैड विकल्पों के बारे में बताने जा रहे हैं. जिनका इस्तेमाल कर आप पीरियड्स के दौरान आरामदायक और सेफ महसूस कर सकती हैं.

मेन्स्ट्रुअल कप- मेंस्ट्रुअल कप रबर या सिलिकॉन से बना हुआ एक छोटा, लचीला कीप के आकार का कप होता है, जिसे महिलाएं अपनी योनि में डालती है. ताकि इसमें पीरियड्स या महावारी का सारा रकस्त्राव जमा हो जाए. टैम्पोन या पैड जैसे दूसरे अन्य तरीकों की तुलना में मेंस्ट्रुअल कप अधिक ब्लड को जमा करने की क्षमता रखता है.

पीरियड पैंटी

पीरियड पैंटी आम महिलाओं के अंडरवियर की तरह ही होती हैं, सिर्फ ये पैंटी ही तरल पदार्थ को आसानी से सोख लेती हैं दाग या रिसाव की कोई समस्या नहीं है ब्लड फ्लो और आराम के हिसाब से पीरियड पैंटी का चुनाव किया जा सकता है मार्केट में पीरियड पैंटी अलग-अलग साइज में उपलब्ध हैं पीरियड पैंटी पैड और मेंस्ट्रुअल कप से भी ज्यादा महंगी साबित हो सकती है.

सेनेटरी नैपकिन

सेनेटरी नैपकिन या स्वच्छता पैड एक चपटी गद्दी होती है जिसे लड़कियों और महिला द्वारा मासिक धर्म के दौरान होने वाले रक्तस्त्राव के अवशोषण (सोखने) के लिए पहना जाता है.

टैम्पोन- मासिक धर्म के दौरान पैड की जगह टैम्पोन का इस्तेमाल किया जा सकता है टैम्पोन कपास से बने होते हैं, इसलिए इनका उपयोग सुरक्षित माना जाता है अतिप्रवाह के दौरान टैम्पोन का उपयोग न करें, क्योंकि वे सभी खून को अवशोषित नहीं कर सकते हैं

लीकेज से कैसे बचें- पीरियड लीकेज से बचने के लिए मेंस्ट्रुअल कप और पीरियड पैंटी का इस्तेमाल किया जा सकता है. यदि आप पैड का उपयोग कर रहे हैं, तो हाई ब्लड फ्लो के दौरान उन्हें हर 3 से 4 घंटे में बदलें, ऐसा इसलिए क्योंकि एक ही पैड को अधिक समय तक इस्तेमाल करने से बाद में समस्या हो सकती है.

# शब्द सामर्थ्य -309

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं :**

1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**

1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुप्तबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नज़दीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सबेरा।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | ■ | ■ | 3 | | |
| | ■ | | ■ | 4 | 5 | | ■ | ■ |
| 6 | 7 | | 8 | ■ | | ■ | ■ | 9 |
| ■ | 10 | | | ■ | 11 | 12 | 13 | |
| ■ | 14 | | ■ | 15 | | | | |
| 16 | | ■ | ■ | | ■ | ■ | | ■ |
| 17 | | | 18 | | ■ | 19 | | ■ |
| | ■ | ■ | | ■ | 20 | ■ | ■ | 21 |
| 22 | | | | ■ | 23 | | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 308 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | भि | षे | क | ■ | प | स | ■ | ■ |
| जा | त | ■ | थ | प | थ | पा | ना | ■ |
| य | र | का | नी | ■ | भ्र | ■ | र | श्मि |
| ब | घा | र | ■ | क | ष्ट | प्र | द | ■ |
| ■ | त | ना | त | नी | ■ | र्व | ■ | ब |
| अ | ■ | मा | ■ | ज | मा | त | ■ | ल |
| स | जा | ■ | ■ | ■ | ■ | क | ज | रा |
| बा | ■ | बे | स | हा | रा | ■ | ग | म |
| ब | गु | ला | ■ | रा | ज | दू | त | ■ |




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना गोहलपुर में रात्रि श्रीमती प्रियंका चौधरी निवासी अम्बेडकर कालोनी गोहलपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके पति का स्वास्थ्य अत्याधिक खराब होने के कारण दिनांक 17-1-25 को सुबह लगभग 10 बजे पति का इलाज कराने के लिये मेडिकल कॉलेज लेकर गयी थी जहां पति का इलाज चल रहा था दिनांक 27-1-25 को डाक्टरों की सलाह पर वह इलाज कराने के लिये भोपाल जाने के लिये वापस पति को लेकर घर आयी थी उसने घर आकर देखा उसके घर के मेन गेट का ताला टूटा था



**मंत्री सिंह ने मां नर्मदा प्रकटोत्स-व की तैयारियों के संबंध में गौरीघाट में बैठक कर दिये आवश्यक निर्देश**

# निर्धारित पार्किंग स्थल से मां नर्मदा तट तक स्वयं भी पैदल जाएंगे मंत्री सिंह





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने आज मां नर्मदा प्रकटोत्सोव की तैयारियों के संबंध में गौरीघाट में बैठक आयोजित कर आवश्य क निर्देश दिये। जिसमें विगत वर्ष आयोजित मां नर्मदा प्रकोत्समव में आई कठिनाईयों के साथ उनके समाधान पर चर्चा की गई। मंत्री श्री सिंह ने पर्व को गरिमामय तथा भव्यस बनाने के लिए व्याउपारी व क्षेत्रीयजनों से भी सुझाव लेकर कहा कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष की भांति मां नर्मदा का प्रकटोत्सतव मनाया जायेगा। बैठक में उत्सतव के दौरान भंडारों के लिए समुचित जगह, आवागमन को व्यकवस्थ्ति करने, एम्बु लेंस, अस्था यी स्वा स्थ् शिविर, फायर ब्रिगेड, कंट्रोल रूम, विद्युत व्व्स्थान, निर्धारित मात्रा में ध्वअनि, वन-वे व्य वस्थाश, पार्किंग, नर्मदा तट पर दो वॉच टावर व झंडा चौक के आस-पास एक वॉच टावर लगाने के साथ तट पर कोई भी दुकान नहीं लगाने के संबंध में चर्चा की गई। इस दौरान विशेष रूप से कहा गया कि पर्व के दौरान नर्मदा तट की साफ-सफाई की समुचित व्य वस्थाश सुनिश्चित हो। साथ ही महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम, मोबाईल टॉयलेट, घाटो पर पर्याप्त? प्रकाश व्य वस्थान, साज-सज्जान करने व अस्थ्ायी अतिक्रमण को समझाइश से दूर करने पर चर्चा कर आवश्यिक निर्देश दिये। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि नर्मदा तट पर शराबखोरी पूर्णत÷ बंद की जाये। तट पर एक स्था यी पुलिस चौकी भी रहे। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान व्यपवस्थाचओं को सुनिश्चित करने के लिए माता वैष्णाु देवी यात्रा दल द्वारा वॉकी-टॉकी लिए दस लोग भी तैनात करेंगे।

निर्धारित पार्किंग स्थल से मंत्री श्री सिंह स्वयं पैदल जाएंगे मां नर्मदा तट

लोक निर्माण मंत्री श्री सिंह ने बैठक में कहा कि प्रशासन द्वारा निर्धारित पार्किंग स्थल में वाहन पार्क होने के बाद वे स्वयं भी पैदल ही मां नर्मदा तट तक पैदल जाएंगे। साथ ही उन्होंने मां नर्मदा के भक्तो से भी अपील की है कि निर्धारित पार्किंग स्थल पर वाहन पार्क कर पैदल या आवश्यक होने पर प्रशासन द्वारा चयनित ई रिक्शा से ही तट पहुंचे। मंत्री श्री सिंह ने सभी से अपील करते हुए कहा है कि जीवन दायिनी मां नर्मदा का जन्म नही हुआ है अपितु प्रकट हुई है इसीलिए इस पावन दिवस का संबोधन मां नर्मदा प्राकट्योत्सव के रूप में हो। साथ ही प्रशासनिक अधिकारियों को भी निर्देशित किया है कि सभी शासकीय अभिलेखों में इस दिन को मां नर्मदा प्राकट्योत्सव लिखा जाए। इस दौरान महापौर श्री जगत बहादुर अन्नू , नगर निगम अध्याक्ष श्री रिकुंज विज, श्री लेखराज सिंह मुन्नाा भैया, श्री पंकज दुबे, श्री कैलाश सूरी, महिला मोर्चा के अध्य क्ष सुश्री रूपा राव, पार्षद श्रीमती शारदा कुशवाहा, श्रीमती मालती चौधरी सहित अन्य गणमान्यक नागरिक तथा कलेक्टलर श्री दीपक सक्से ना, पुलिस अधीक्षक श्री संपत उपाध्योय, नगर निगम कमिश्नलर श्रीमती प्रीति यादव, अपर कलेक्टकर श्रीमती मिशा सिंह, एसडीएम श्री अनुराग सिंह सहित सभी संबंधित अधिकारी व क्षेत्रीयजन मौजूद थे।

कलेक्टर सक्सेना ने कहा कि एसडीएम अनुराग सिंह मेला अधिकारी होंगे। जो संपूर्ण व्यकवस्थीओं के लिए कोर्डिनेट करेंगे। इस बैठक के पूर्व कलेक्टीर श्री दीपक सक्सेवना की अध्यिक्षता में मां नर्मदा प्रकटोत्ससव को सुव्येवस्थित रूप से संपन्ने करने के लिए राजस्वस व पुलिस अधिकारियों की बैठक कलेक्ट्रेपट सभागार में किया गया। जिसमें उन्हों ने मेले को सुव्यरवस्थित रूप से संपन्नु करने के संबंध में विस्तृ?त चर्चा कर इसमें आ रहे अवरोधों को दूर करने के लिए राजस्वल, पुलिस तथा नगर निगम के संयुक्तृ दल को क्षेत्र का भ्रमण करने के निर्देश दिये और कहा कि यातायात व पार्किंग की समुचित व्ययवस्थार सुनिश्चित करायें। भंडारे को लेकर भी स्पऔष्टय दिशा निर्देश हो ताकि कोई सड़क पर भंडारा न करे। डीजे में दो बॉक्सस से ज्याभदा न हो। डीजे वालो और टेंट व भंडारे करने वालो की पृथक से बैठक कर उन्हें व्यसवस्था्ओं के संबंध में जानकारी दे दी जाये। उन्हों ने कहा कि उत्सकव के दौरान टीम पेट्रोलिंग करती रहे। होमगार्ड की टीम तैयार रहे साथ ही ई-रिक्शाा को व्य वस्थित करने व अवैध होर्डिंग पर कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

## आवासीय योजनाओं की ब्रांडिंग के लिए नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के प्रमुख सचिव ने निगम अधिकारियों को दिये टिप्स

**नगर निगम को आत्मनिर्भर बनने के लिए उठाना चाहिए ठोस कदम- पी.एस.**



**समीक्षा बैठक में प्रमुख सचिव के समक्ष निगमायुक्त प्रीति यादव ने पॉवर प्वाइंट प्रजेन्टेशन के माध्यम से विकास कार्यो की जानकारी की प्रस्तुत**

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग के प्रमुख सचिव संजय शुक्ला के द्वारा जबलपुर प्रवास के दौरान मानस भवन के स्मार्ट सिटी कार्यालय में प्रधानमंत्री आवास एवं अमृत योजना के कार्यो की समीक्षा की। बैठक के दौरान निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने पॉवर प्वाइंट प्रजेन्टेशन के माध्यम से आवासीय परियोजनाओं एवं अमृत योजना के अंतर्गत संचालित सीवर के कार्यो की जानकारी प्रमुख सचिव के समक्ष प्रस्तुत की। इस अवसर पर योजनाओं के क्रियान्वयन में विलम्ब के कारण आर्थिक स्थिति को दर्शाया गया, जिसपर प्रमुख सचिव संजय शुक्ला ने कहा कि नगर निगम को आत्मनिर्भर बनने के लिए ठोस कदम उठाने की जरूरत है। उन्होंने यह भी कहा कि नगर निगम की आर्थिक स्थिति सुदृढ कैसे हो इस विषय पर भी गंभीरता के साथ मंथन करने की महती आवश्यकता है। प्रमुख सचिव संजय शुक्ला ने आवासीय परियोजनाओं को जमीनी धरातल पर उतारने समीक्षा बैठक के दौरान संबंधित अधिकारियों को टिप्स देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजनाओं की जितनी भी विशेषताएँ हैं उन सभी विशेषताओं को लेकर आस-पास की बस्तियों में जाएँ और परिवार के बच्चों एवं महिला सदस्यों को बतलाएँ। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह के अंदर आवासीय परियोजनाओं को एक-एक करके पूर्ण कराने की योजना तैयार कर अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें जिसमें सभी आवासीय परियोजनाओं के स्थलों की जानकारी के अलावा अन्य जानकारियाँ उपलब्ध रहें।

प्रमुख सचिव श्री शुक्ला ने अमृत योजना के अंतर्गत संचालित सीवर एवं पेयजल संबंधी कार्यो की भी जानकारी ली और मेहनत के साथ जमीनी धरातल पर कार्यो को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने यह भी कहा कि अगली समीक्षा बैठक में सीवर कार्यो की प्रगति लेगें। उन्होंने नगर निगम की जमीनों की जानकारी राजस्व विभाग की आय तथा आवासीय योजनाओं के बाहर व्यवसायिक उपयोग संबंधी कार्य करने के साथ-साथ अन्य जानकारियाँ भी तैयार कर भेजने के निर्देश दिये। उन्होंने बहुत जोर देकर कहा कि नगर निगम अपने आय के स्त्रोंतों को बढ़ाएँ और जो कार्य पैसों के आभाव में विचाराधीन है उन सभी कार्यो को पूर्ण कराने की प्लानिंग करें और पूर्ण कराएँ। बैठक में नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग के संयुक्त संचालक परमेश जलोटे के साथ समस्त अपर आयुक्त, समस्त उपायुक्त, अधीक्षण यंत्री, कार्यपालन यंत्री, समस्त सहायक आयुक्त एवं सभी विभागीय प्रमुख आदि उपस्थित रहे।

## मंत्री राकेश सिंह ने ग्राम टिमरी पहुंचकर पीड़ित परिवारों से की मुलाकात



जबलपुर-लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने आज ग्राम टिमरी में हुए नृशंस हत्याल से पीड़ित दुबे व पाठक परिवारों से मुलाकत की। उन्हों ने घटना पर गहरी शोक संवेदना व्यकक्ते करते हुए मृतकों के प्रति अपनी श्रद्धांजली अर्पित की तथा कहा कि सरकार आपके साथ है। आरोपियों के विरूद्ध आवश्य क कार्यवाही जारी है। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि मृतकों के बच्चोंथ की पढ़ाई-लिखाई की व्ययवस्था् के साथ उनके आश्रितों की आजीविका के लिए प्रयास किये जायेंगे।

### भाजपा जबलपुर ग्रामीण नवनिर्वाचित अध्यक्ष का पदभार ग्रहण आज

जबलपुर- भारतीय जनता पार्टी जबलपुर ग्रामीण के नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजकुमार पटेल का पदभार ग्रहण कार्यक्रम गुरुवार 30 जनवरी को दोपहर 1 बजे भारतीय जनता पार्टी संभागीय कार्यालय रानीताल में आयोजित किया गया है।कार्यक्रम में मुख्य रूप से लोकनिर्माण मंत्री माध्यप्रदेश शासन राकेश सिंह, जबलपुर लोकसभा सांसद आशीष दुबे विधायक गण,जिला पंचायत अध्यक्ष,वर्तमान एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी के सभी ज्येष्ठ में श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में आयोजित किया जाएगा।

## संस्कारधानी में पंचकल्याण महोत्सव 2 फरवरी से

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। सकल जैन समाज के तत्वावधान में श्री वीतराग विज्ञान मंडल एवं जैन युवा फेडरेशन द्वारा संस्कारधानी जबलपुर में आगामी 2 से 7 फरवरी तक श्री महावीर स्वामी दिगंबर जिनबिंब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जिसके लिए राइट टाऊन गोल बाजार में भव्य एवं मनोहारी कुंडलपुर नगरी बनाई जा रही हैं जिसमें जबलपुर सहित पूरे प्रदेश ही नहीं देश एवं विदेश से भी जैन बंधुओं का आगमन होगा जिसके स्वागत के लिए संस्कारधानी एवं महोत्सव समिति आतुर है।

**हर्षवर्धन जैन की सभा 1 को -**

मंडल अध्यक्ष अशोक जैन एवं मीडिया प्रभारी दीपक राज जैन ने बताया कि वर्तमान समय में भौतिकता की दौड़ में शामिल होकर डिप्रेशन, निराशा, जैसी समस्याओं सेलोग जूझ रहे हैं । उन्हें इस प्रतिस्पर्धा में कोई रास्ता नहीं मिलता और पूरा जीवन संघर्ष और दुख में निकल जाता है। हम अपने जीवन को किस तरह से सुखी और शांतिमय बना सकते हैं। उसके लिए अपनी सोच बदलना होगा - इस बात को जबलपुर के जन-जन तक पहुंचाने के लिए जयपुर नगर से विख्यात मोटिवेशनल स्पीकर हर्षवर्धन जैन संस्कारधानी पधार रहे हैं।

# एम.पी. ट्रांसको के तकनीकी समागम में सम्मानित किये गए मेंटेनेंस कर्मी





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। एम.पी. ट्रांसको (मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी) के विपरीत परिस्थितियों में भी प्रदेश की ट्रांसमिशन नेटवर्क की उपलब्धता और विश्वसनीयता बनाए रखने वाले ट्रांसमिशन लाइन और सबस्टेशन मेंटेनेंस तकनीकी कार्मिकों के उत्कृष्ट और असाधारण कार्यों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए उज्जैन पालिटेक्निक महाविद्यालय के सभागार में एक दिवसीय तकनीकी समागम कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के संयोजक मुख्य अभियंता श्री प्रवीण कुमार गार्गव ने बताया कि प्रबंध संचालक इंजी. सुनील तिवारी की परिकल्पना और प्रेरणा से इस कार्यक्रम में मालवा क्षेत्र के वर्ष 2025 में सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों एवं अधिकारियों सहित तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मियों के उन तमाम ट्रांसको तकनीकी कर्मियों का अभिनंदन कर पुरस्कृत भी किया गया, जिन्होंने अपनी कार्य कुशलता, जीवटता और मेहनत से अनेक विशिष्ट कार्यों को सफलतापूर्वक संपादित किया है, जिसके कारण ही देश में मध्यप्रदेश को सर्वाधिक 99.63 प्रतिशत ट्रांसमिशन एवेलेविटी (पारेषण उपलब्धता) वाला राज्य का गौरव बनाये रखने में कामयाबी हासिल हो सकी है। कार्यक्रम में तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के वर्तमान और सेवानिवृत्त कंपनी के तकनीकी कर्मचारियों के लिए एक मोटिवेशनल सेशन भी आयोजित किया गया, मालवा के शिक्षाविद, एवं कई सामाजिक, कार्यों व योजनाओं से जुड़े, ख्याति प्राप्त माटीवेटर श्री नितिन डेविड ने प्रेरक उद्बोधन दिया। श्री नितिन डेविड ने कम्पनी के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यों को लेकर तैयार की गई डाक्यूमेंट्री देखकर कहा कि वो स्वंय भी ट्रांसको कर्मियों की कार्यशैली जानकर हैरान रह गए उन्होंने कहा कि यह मेरी कल्पना के बाहर है कि ट्रांसमिशन के कार्मिक इस तरह के महत्वपूर्ण कार्यों को अंजाम देकर हमे सतत् विद्युत आपूर्ति करते है। उन्होंने कहा कि मैं क्या इन मेंटेनेंस कर्मियों को प्रेरित करुंगा? ये और इनकी कार्यशैली खुद मेरे सहित अन्य सभी के लिए प्रेरणादायी है।

सेवानिवृत्ति के बाद अपने परिवार के उत्तरदायित्व का निर्वाहन करते हुये जिंदगी केसे जी जाये इस विषय पर उन्होंने भावुक और प्रेरणादायी उदबोधन दिया। इसके पूर्व राष्ट्रगीत वंदे मातरम का गायन प्रियंका शर्मा, मेघा शर्मा एवं राधिका सूर्यवंशी द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री सुभाष साकोरिकर, श्री राजीव कुमार अग्रवाल, अधीक्षण अभियंता श्रीमति नीलम खन्ना, श्री अनिल सक्सेना, श्री के.एम. सिंघल एवं कार्यपालन अभियंता श्री शेखर फटाले आदि का योगदान रहा। इस अवसर पर वर्ष 2025 में सेवानिवृत होने वाले 17 कर्मचारी एवं अधिकारियों के उल्लेखनीय योगदानों और सेवा भाव से किए गए कार्यों कार्यों के प्रति कंपनी की ओर से कृतज्ञता व धन्यवाद ज्ञापित कर उन्हें शाल, श्रीफल व प्रतीक चिन्ह प्रदान किये गये। कार्यक्रम का संचालन श्री राजेष सक्सेना एवं श्री विजय नामदेव द्वारा किया गया, आभार प्रर्दषन श्री सुभाष साकोरीकर ने किया।

**परिषद कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका से भारत बनेगा विश्व गुरु -अभाविप का नवीन प्रांत कार्यालय लोकार्पित**

# भारतीय विचारों का निरंतर प्रसार कर रही विद्यार्थी परिषद -सुरेश सोनी




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।आज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद महाकौशल प्रांत के नवीन प्रांत कार्यालय का भव्य लोकार्पण राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य एवं वरिष्ठ प्रचारक श्री सुरेश सोनी, अभाविप के राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री आशीष चौहान, प्रांत संघचालक डॉ प्रदीप दुबे एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ वीरेंद्र सोलंकी के करकमलों द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह, सांसद श्री आशीष दुबे, खजुराहो सांसद श्री बीडी शर्मा, राज्यकसभा सांसद श्रीमती सुमित्रा बाल्मिसक, महापौर श्री जगत बहादुर सिंह अन्नाू, विधायक श्री अजय विश्नोकई, श्री सुशील तिवारी इंदु, श्री अशोक रोहाणी, श्री अभिलाष पांडे, श्री संतोष बरकड़े, श्री नीरज सिंह, जिला पंचायत अध्यदक्ष श्रीमती आशा मुकेश गोंटिया, नगर निगम अध्य क्ष श्री रिकुंज विज सहित अन्यन जिलों के विधायक व गणमान्य नागरिक भी मौजूद थे। संगठन को सुचारू रूप चलाने में कार्यालय का महत्व सर्वाधिक है। क्योंकि यहीं से हम चर्चा कर नीतियां बनाते और उसका क्रियान्वयन भी करते हैं। विद्यार्थी परिषद का विचार प्रवाह 9 जुलाई 1949 से निरंतर चल रहा है। परिषद की रीती-नीतियों पर चलकर आज लाखों कार्यकर्ता देश-विदेश में अपने कार्य के साथ-साथ अपनी सामाजिक भूमिका का निवर्हन भी कर रहे हैं। आज पूरे विश्व में सबसे बड़ा छात्र संगठन बनकर उभरा है अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद। नवीन कार्यालय अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं को ऊर्जा का केंद्र बनेगा। उक्त विचार अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नवीन प्रांत कार्यालय, छात्र शक्ति भवन के लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य सुरेश सोनी ने व्यक्त किए। कार्यक्रम में महाकौशल प्रांत के कोने-कोने से बड़ी संख्या में नए पुराने कार्यकर्ताओं की उपस्थिति हुई।

**पुराना कार्यकर्ता संगठन की एफडी -सुरेश सोनी**

पुराना कार्यकर्ता संगठन की एफडी की तरह है। अच्छा गुरु वही है, जो अच्छे कार्यकर्ता तैयार करता है, जो अपने गुरु से आगे निकले, यही भाव संगठन का रहना चाहिए। मुझे लगता है विद्यार्थी परिषद में यह भाव कायम है। तभी छोटे से कार्यालय अरुण डेयरी से विद्यार्थी परिषद ने अपना सफर तय कर आज भव्य और विशाल कार्यालय का निर्माण किया। विद्यार्थी युवावस्था की दहलीज में ही परिषद के संपर्क में आते हैं और भारतीय विचार परंपरा को आगे बढ़ाते है।

**परिषद ने कराए शिक्षा क्षेत्र में परिवर्तन ÷**

श्री सोनी ने आगे कहा कि राष्ट्र पुर्ननिर्माण में विद्यार्थी परिषद की भूमिका अहम है। शिक्षा क्षेत्र में जितने भी व्यापक बड़े और युगानुकूल परिवर्तन हुए हैं वह विद्यार्थी परिषद के आंदोलन और कार्यक्रमों के ही देन है।

हम अपनी मान्य परंपराओं का पालन करके ही विश्व गुरु बन सकते हैं। जिसमें विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं का बड़ा योगदान होगा। यहां का कार्यकर्ता जिस क्षेत्र में जाएगा वह राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका अदा करेगा।

**वर्चुअल और रियल दुनिया में द्वंद ÷**

श्री सोनी कहा कि आज टेक्नोलॉजी जितनी हाई हो रही है व्यक्ति उतना ही वर्चुअल होता जा रहा है। वह अब रियल नहीं रहा। वर्चुअल और रियल दोनों दुनिया अलग है। दोनों में द्वंद है और होता रहेगा, क्योंकि संतुष्टि का कोई पैमाना नहीं होता और वह वर्चुअल लाइफ में नहीं मिल सकता। वह तो रियल लाइफ में ही अनुभव किया जा सकता है। यह अनुभव का विषय है। एआई जवाब नहीं दे सकता।

## ग्लोब टेक्सटाइल्स का 4,504 लाख रुपये का राइट्स इश्यू पहले ही दिन 14.69प्रति. सब्सक्राइब हुआ

**राइट्स इश्यू निवेशकों के लिए सुनहरा अवसर**

अहमदाबाद, गुजरात- आरएनएस ग्लोब टेक्सटाइल्स (इंडिया) लिमिटेड के 4,504 लाख रुपये के राइट्स इश्यू को पहले ही दिन 14.69त्न का सब्सक्रिप्शन प्राप्त हुआ। कंपनी टेक्सटाइल प्रोडक्शन, सूती प्रिंटेड फैब्रिक्स, होम टेक्सटाइल्स और फैंसी फैब्रिक्स के उत्पादन में अग्रणी प्लेयर है। यदि राइट्स इश्यू की प्रमुख जानकारियों के बारे में बात करें तो -राइट्स इश्यू 24 जनवरी को खुला था और अब 6 फरवरी को बंद होगा। शेयर मूल्य 3 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है, जबकि 24 जनवरी को खुलते ही शेयर का बाजार मूल्य 3.78 रुपये था। 17 जनवरी 2025 की रिकॉर्ड तिथि पर पात्र शेयरधारकों को 1÷2 के अनुपात में शेयर मिलेंगे (हर दो शेयरों पर एक नया शेयर)। राइट्स एंटाइटलमेंट (त्रस्श्व- क्रश्व1) के तहत नए निवेशक भी इस इश्यू में भाग ले सकते हैं। ग्लोब टेक्सटाइल्स के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर भाविक पारिख ने कहा, पहले ही दिन लगभग 15त्न सब्सक्रिप्शन मिलना हमारी कंपनी में निवेशकों के विश्वास को दर्शाता है। इस राइट्स इश्यू के माध्यम से हम स्ट्रेटेजिक एक्सपान्शन और एक्विजिशन के लिए जरूरी फंड जुटाना चाहते हैं, जिससे लोन्ग टर्म ग्रोथ संभव होगा। कंपनी के वित्तीय प्रदर्शन की बात करें तो सितंबर 2024 तिमाही में कंपनी का नेट प्रोफिट 380 लाख रुपये रहा, जो पिछले वर्ष की समान तिमाही में 134 लाख रुपये था। वित्त वर्ष 2024-25 की पहली छमाही में कंपनी ने 652 लाख रुपये का नेट प्रोफिट अर्जित किया, जो पूरे वित्त वर्ष 2023-24 के 575 लाख रुपये से अधिक है। कंपनी की दूसरी तिमाही (क्त2 स्न्ङ्घ24-25) की ग्रोस इन्कम 15,019 लाख रुपये रही, जो पिछले वर्ष की समान अवधि (क्त2 स्न्ङ्घ23-24) में 10,611 लाख रुपये थी।



जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना रांझी मे रात्रि चित्रदेव कुमार उम्र 35 वर्ष निवासी एमईएस क्वाटर करोंदी रांझी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि खमरिया फैक्ट्री मे एग्जामिनर पोस्ट पर काम करता है रात लगभग 9-30 बजे अपने पेत्रक गांव चितनखारी थाना गिरिडीह झारखण्ड गया था शाम लगभग 6-30 बजे अपने घर जबलपुर वापस आया आया देखा क्वाटर का पीछे का दरवाजा टूटा था आलमारी खुली थी आलमारी मे रखे सोने का झुमका, 3 लाकेट चांदी की एक पायल, बिछिया, 10 नग सिक्के चांदी के , स्टेट बैंक तथा बैंक आफइंडिया का एटीएम कार्ड गाड़ी आरसी एमपी 20 एनयू 4064 तथा नगदी

# नृशंस हत्याकांड-पचमढ़ी की होटल में छिपे थे आरोपी, 9 को किया गिरफ्तार

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** जबलपुर स्थित ग्राम तिमरी नुनसर पाटन में दो परिवार के चार लोगों की हत्या कर फरार हुए आरोपियों को पुलिस ने पचमढ़ी की एक होटल में दबिश देकर पकड़ा है. ये चारों आरोपी यहां पर छिपकर बैठे थे, पुलिस की टीम अब अन्य आरोपियों को पकडने् के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है. वहीं दूसरी ओर घटना को लेकर गांव में अभी भी तनाव का माहौल बना हुआ है. आज जब शवों को लेकर एम्बुलेंस गांव पहुंची तो परिजनों ने शवों को उतारने से मना करते हुए सड़क पर जाम लगा दिया. जिसके चलते जबलपुर-दमोह रोड पर जाम के हालात बने रहे. खबर मिलते ही सांसद आशीष दुबे व पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए, जिनकी समझाइश के बाद शवों को अंतिम संस्कार के लिए ले जाया गया. हालांकि अभी आरोपियों की गिरफ्तारी की अधिकृत रुप से पुष्टि नहीं हो पाई है.

बताया गया है कि ग्राम तिमरी नुनसर में कुंजन उर्फ सतीश पाठक का दो एकड़ का खेत है, जिसमें खेती होती है. इसी खेत में संजू साहू अपने रिश्तेदारों के साथ मिलकर लम्बे समय से जुआ खिला रहा है. इस बात का जब पाठक परिवार के सदस्यों



ने विरोध किया तो विवाद की स्थिति बन गई थी. उस वक्त तो गांव के लोगों ने बीच बचाव कर विवाद को शांत करा दिया था. बीते दिन संजू साहू ने कुंजन पाठक को फोन करके मेनरोड की चाय दुकान पर बुलवाया.

कुंजन पहुंचता इससे पहले संजू साहू, मनोज, पप्पू अपने साथियों को लेकर हथियारों से लैस होकर बैठ गए. कुछ देर बाद ही कुंजन पहुंचा तभी साहू परिवार के सदस्यों ने हमला कर दिया. कुछ पल बाद चंदन पहुंच गया, जिसने बड़े भाई कुंजन पर हमला होते देखा तो बचाव करने पहुंच गया, हमलावरों ने चंदन पर भी धारदार हथियारों से हमला किया. हमले में दोनों भाईयों की मौत हो गई.

तभी चचेरे भाई अनिकेत व समीर जिम से घर की ओर जा रहे थे, जिन्होने कुंजन व चंदन को खून से लथपथ पड़े देखा तो पहुंच गए. तभी आरोपियों ने इन दोनों पर भी हमला कर मौत के घाट उतार दिया. इस घटना में दो अन्य विपिन और महुआ दुबे को भी चोटें आई, जिन्हे उपचार के लिए निजी अस्पताल पहुंचाया गया. जहां पर दोनों की हालत को देखते हुए भरती कर लिया गया है. प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि हमलावरों पर खून सवार था, घटनास्थल के आसपास जो भी नजर आया उसे तलवार लेकर खदेड़ रहे थे. लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर से उधर भागते नजर आए, यहां तक कि लोगों ने अपने घरों के दरवाजे तक बंद कर लिए थे. हमले के आरोपियों ने कुंजन के घर जाकर पिता से हमला कि तुम्हारे दोनों बेटो की लाश सड़क पर पड़ी है जाकर समेट लो.

आरोपियों के घर गिराने की मांग-

घटना के बाद परिजनों, रिश्तेदारों सहित गांव के लोग आक्रोशित रहे, जिनका कहना था कि पहले तो आरोपियों के घर गिराए जाए, इसके बाद उनका एनकाउंटर करो. हमें भी उनका घर वीरान करना है, हम जेल जाए या फिर मर जाए लेनिक उनको जिंदा नहीं छोड़ेंगे. जिन हाथों ने पालकर इतना बड़ा किया, अब उनके खून का बदला भी लिया जाएगा.

चर्चाओं में यह बात भी सामने आई है कि कुंजन पाठक के खेत में 20 दिन पहले संजू व उसके साथी चंदू साहू जुआ खिला रहे थे. जिन्हे मना करने पर मारपीट हो गई थी. इसके बाद चंदू साहू ने घर के बाहर खड़ी बाइक में स्वयं आग लगा दी और नुनसर पुलिस चौकी जाकर कुंजन का नाम आगजनी में लिखवा दिया. पुलिस ने मामले को लेकर कुंजन सहित चार लोगों पर आगजनी का मुकदमा भी दर्ज कर लिया था इसके बाद से रंजिश बढ़ गई.



## जबलपुर में मौनी अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने नर्मदा नदी में लगाई आस्था की डुबकी

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** मौनी अमावस्या पर आज जीवन दायनी मां नर्मदा नदी में आज ब्रम्ह मुहूर्त पर हजारों की संख्या में हजारों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई. जबलपुर में गौरीघाट, तिलवारा, जिलहरी घाट, भेड़ाघाट सहित अन्य सभी घाटों पर सुबह से लोगों का आना शुरु हो गया था. आज भीड़ का एक बड़ा कारण यह भी बताया जा रहा है कि महाकुम्भ का आज दूसरा शाही स्नान है. जबलपुर के अलावा नर्मदापुरम, सहित अन्य जिलों में भी लोगों ने नर्मदा नदी में स्नान कर पूजन पाठ किया. वहीं दूसरी ओर उज्जैन में भी शिप्रा नदी में भी लोगों ने मौनी अमावस्या पर आस्था की डुबकी लगाते हुए पूजन पाठ किया. बताया जा रहा है कि जबलपुर, नर्मदापुरम के अलावा हरदा, इटारसी, बैतूल, भोपाल, विदिशा, बीना सहित अन्य शहरों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने नर्मदा में आस्था की डुबकी लगाई. नर्मदा के घाटों पर हर-हर नर्मदे के जयकारे गूंज रहे हैं. जबलपुर के ग्वारी घाट और जिलहरी घाट में स्नान के लिए श्रद्धालु की भीड़ उमड़ी है. नर्मदा जी पहुंचे श्रद्धालुओं का कहना है कि प्रयागराज में भीड़ होने के चलते नर्मदा नदी में डुबकी लगाकर पुण्य कमा रहे है. मौनी अमावस्या पर अन्नदान, वस्त्रदान का भी विशेष महत्व है. पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन पितरों के निमित्त धूप-दीप जलाना, तर्पण और पिंड दान करना चाहिए. इसके साथ ही पात्र दान का संकल्प सुख-शांति के साथ आर्थिक समृद्धि की प्राप्ति होती है. पंडितों के अनुसार तीर्थ स्थानों पर मौनी अमावस्या पर स्नान, दान, तर्पण आदि का विशेष महत्व होता है. इस दिन उत्तराषाढ़ा नक्षत्र व सिद्धि योग का संयोग बन रहा है. भारतीय ज्योतिष शास्त्र में ग्रहों व नक्षत्रों की स्थिति के आधार पर कुंभ, महाकुंभ व सिंहस्थ जैसे विशेष योग बनते हैं.


इस बार के योग में प्रयागराज में स्नान का बड़ा महत्व है. हालांकि यदि वहां जाना संभव न हो, तो अन्य तीर्थ स्थलों पर भी कल्पवास किया जा सकता है. जबलपुर के गौरीघाट, तिलवारा घाट, भेड़ाघाट सहित अन्य घाटों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे. चार पहिया वाहनों के प्रवेश पर पूरी तरह से रोक लगा दी गई थी. वहीं होमगार्ड के बोट नदी में लगातार भ्रमण करती रही. ऐसा कहा जा रहा है कि आज नर्मदा जी के घाटों पर दो लाख से ज्यादा लोगों के पहुंचने की संभावना है.

## छात्रवृति दिलाने युवतियों के बैंक में खाते खुलवाए, पासबुक अपने पास रखकर किया लाखों रुपए का लेनदेन

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** जबलपुर स्थित रांझी क्षेत्र में एक ऐसा सनसनीखेज मामला सामने आया है. जहां पर एक युवक ने अपनी दोस्त के साथ मिलकर युवतियों को छात्रवृति दिलाने के नाम पर बैंक में खाते खुलवा लिए. इसके बाद पासबुक अपने पास रखकर अनाधिकृति रुप से लेनदेन करता रहा. युवती को जब इस बात की जानकारी लगी तो उन्होने रांझी थाना में शिकायत की है. जिसपर पुलिस ने धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर लिया है. पुलिस के अनुसार रामनगर व्हीकल मोड़ रांझी निवासी श्वेता महात्मा उम्र 21 को छात्रवृति दिलाने के नाम पर सहेली जानवी कोरी व उसके साथी आर्यन महोबिया ने भारतीय स्टेट बैंक शाखा रांझी में बचत खाता खुलवा दिया. आर्यन महोबिया ने एक मोबाइल नम्बर श्वेता के खाते में जोड़कर ओरिजनल पासबुक अपने पास ही रख ली. इसके बाद से ही जानवी कोरी व आर्यन महोबिया द्वारा श्वेता के खाते से अनाधिकृत रुप से लेनदेन करने लगे. इस बात की खबर श्वेता को उस वक्त लगी जब हरियाणा पुलिस का फोन आया तो पता चला कि उसके बैंक खाते से करीब 8 लाख 13 हजार 364 रुपए का लेनदेने किया गया है. जबकि श्वेता ने आज तक उक्त खाते से कोई लेनदेन किया ही नहीं था. श्वेता ने जब जानवी से इस संबंध में बातचीत की तो धमकी दी जाने लगी. जानवी कोरी एवं आर्यन महोबिया द्वारा उसके नाम से खाता खोलकर धोखाधड़ी करते हुए उसके नाम के खाते से अवैध पैसों का लेन देन किया गया है. श्वेता ने जब इस संबंध में अन्य लोगों से बातचीत की तो पता चला कि जानवी कोरी व आर्यन महोबिया ने इसी तरह कई युवक-युवतियों के खाते खुलवाकर अनाधिकृत रुप से लेनदेने किया गया है.

## मेडिकल अस्पताल में भर्ती मरीज को मृत बताकर बना दिया डेथ सर्टिफिकेट, मर्चुरी ले जाते वक्त चलने लगी सांसे

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** जबलपुर स्थित नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल अस्पताल में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है. यहां पर डाक्टरों ने भरती मरीज इंद्रजीत शुक्ला को मृत घोषित कर डेथ सर्टिफिकेट बना दिया. हालांकि मेडिकल अस्पताल के जिम्मेदार अधिकारी इसे मानवीय भूल बता रहे है. बताया गया है कि इंद्रजीत शुक्ला को गंभीर स्वास्थ समस्याओं के चलते नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल अस्पताल के आईसीयू में भरती कराया गया. बीते दिन डाक्टरों ने जांच के बाद इंद्रजीत शुक्ला को यह कहते हुए मृत घोषित कि सांसे थम चुकी है. 67 वर्षीय इंद्रजीत शुक्ला को डॉक्टर के कहने पर परिवार वाले जब वार्ड से स्ट्रेचर पर शिफ्ट करने के बाद मर्चुरी ले जा रहे थे, तभी कुछ ऐसा हुआ कि सभी की सहम गए. बुजुर्ग के बेटे व बहू ने देखा कि मरीज की सांस चल रहीं हैं. उन्हें आभास हुआ कि




पिता जी जिंदा है. इस घटना के बाद तुरंत ही मरीज के परिजन उन्हें लेकर वार्ड में पहुंचे. डॉक्टर को बताया गया कि जिन्हें मृत घोषित करते हुए डेथ सर्टिफिकेट जारी कर दिया गया. वह अभी भी जिंदा है, उनकी सांस चल रही है. इस पूरी घटना के बाद बुजुर्ग को फिर से वार्ड में भर्ती कर लिया गया. मरीज के परिजनों का कहना है कि दस दिन पहले इंद्रजीत शुक्ला सीने दर्द की शिकायत के चलते एक हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अंकित अग्रवाल के पास गए. जहां तीन ब्लॉकेज सामने आने के बाद उन्होंने अपने ही अस्पताल में हार्ट की बायपास सर्जरी की गई. दूसरे दिन पेट दर्द और सांस लेने में तकलीफ होने लगी. जिसके बाद गले में ट्यूब लगा दी गई, पेट में इंजेक्शन भी लगाए गए. इस दौरान अस्पताल प्रबंधन ने मरीज के परिजनों से लाखों रुपए वसूल किए और जब हालात में सुधार नहीं हुआ तो डॉक्टरों ने हाथ खड़े कर दिए. मरीज के परिजनों से कहा कि कहीं और ले जाए. मरीज की स्थिति देखते हुए दूसरे निजी अस्पतालों ने भर्ती नहीं किया तो अस्पताल प्रबंधन ने इंद्रजीत को आनन.फानन में मेडिकल कॉलेज में भर्ती करा दिया. इस मामले को लेकर मेडिकल अस्पताल प्रबंधन के जिम्मेदार डाक्टरों का कहना है कि मामले में सर्जरी विभागाध्यक्ष से जांच रिपोर्ट मांगी गई है.

## मारपीट करने वाले आरोपी की तलाश

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** थाना रांझी में शिवा वर्मा उम्र 19 वर्ष निवासी मुंडीटोरिया रांझी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह मजदूरी करता है दिनांक 27-1-25 दोपहर लगभग 12-30 बजे वह प्राची किराना के पास मुंडीटोरिया में टेंट का सामान गाड़ी में लोड कर रहा था उसकी मम्मी श्रीमती केशव बाई वर्मा थी उसके साथ वहीं पर थीं, राकेश चौधरी तथा राकेश चौधरी का बेटा अभय चौधरी वहीं पर आये और राकेश चौधरी उससे शराब पीने के लिये एक हजार रूपये की मांग करने लगा, उसने रूपये देने से मना किया तो राकेश चौधरी गाली गलौज करने लगा, गालियां देने से मना किया तो राकेश चौधरी का बेटा अभय चौधरी उसके साथ हाथ मुक्कों से मारपीट करने लगा, राकेश चौधरी ने डंडा से हमलाकर सिर में हाथ में चोट पहुँचा दी उसकी मां बीच बचाव करने आयीं तो अभय ने डंडा से उसकी मां के सिर एवं वायें पैर मे मारकर चोट पहुचा तथा दोनों जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-10,रांझी नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्रं. -99, सं.अधि./ रांझी/10 / 2024-25 दिनांक 28.01.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री तरनदीप सिंह जावा, पिता- श्री तेजवत सिंह जावा** ने मकान नं. 1400/सी-1, पिन नं. 1000412974 **वार्ड अम्बेडकर वार्ड,** भूतल 936 व.फु., प्रथमतल 936 व.फु. , **आधार कार्ड, मृत्यु प्रमाण पत्र, विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम के कम्प्यूटर रिकार्ड में दर्ज भवन स्वामि-1. श्री महेन्द्र सिंह प्रधान, 2. श्री गजेन्द्र सिंह प्रधान, पिता- श्री कोमल सिंह प्रधान, मकान नं. 1400/सी-1, पिन नं. 1000412974 द्वारा प्रदत मकान नम्बर पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया जाता है। अत: जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-10 रांझी** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-10 रांझी नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-10,रांझी नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्रं.- 33/ सं.अधि./ रांझी/10 / 2024-25 दिनांक 28.01.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है, कि आवेदक **श्रीमती रेखा सेन, पति- श्री अमित सेन** ने शासकीय नजूल भूमि में निर्मित भवन नं. 2088, **वार्ड 62 वार्ड ,** भूतल 600 व.फु. सी.सी. , **संलग्न- शपथपत्र, नजूल खरीद पत्र, आधार कार्ड, कर भु. रसीद,** प्रपत्रों के आधार पर नगर निगम के कम्प्यूटर रिकार्ड में दर्ज भवन स्वामि श्रीमती शकुन बाई मेहरा, भवन नं 2088, पिन नं. 1000412875 , सं.नं. ...... की जगह अपना नाम काबिज में दर्ज करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिस किसी को उक्त काबिज नामांतरण में कोई आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-10 रांझी** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-10 रांझी नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-14, विजय नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.क्र./14/विजयनगर 2024/ 25/एम/214 दिनांक 29.01.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री राजेन्द्र सोनी, पिता- श्री वीरसेन सोनी**ने मकान नं. 510/पी 30 बी , **वार्ड महाराजा अग्रसेन वार्ड,** क्षेत्रफल 720 व.फु., भूतल 550 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशनं की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-14 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-14 दमोहनाका नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-14, विजय नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.क्र./14/विजयनगर 2024/ 25/एम/213 दिनांक 29.01.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री सर्वेश्वर पचौरी, पिता- श्री रामेश्वर प्रसाद पचौरी** ने मकान नं. पी.नं. 167/5 , **वार्ड महाराजा अग्रसेन वार्ड,** क्षेत्रफल 5500 व.फु., भूतल 3000 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशनं की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-14 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-14 दमोहनाका नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-14, विजय नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.क्र./14/विजयनगर 2024/ 25/एम/212 दिनांक 29.01.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री मनोज कुमार जैन, पिता- स्व. श्री धनपाल जैन** ने मकान नं.2890/पी-175 , **वार्ड जय प्रकाश नारायण वार्ड,** क्षेत्रफल 525 व.फु., भूतल 525 व.फु., प्रथमतल 525 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशनं की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-14 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-14 दमोहनाका नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/09/2024-25/ एम/665/ दिनांक 29.01.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती किरन तिवारी, पति- स्व. श्री राजकुमार तिवारी** ने मकान नं. 600/1ए पिन नं........ **वार्ड पं. द्वारका प्रसाद मिश्र वार्ड ,** भूतल कच्चा 330 व.फु., **शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 600/1ए ओमकला मंदिर के पास पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-5,संजय गांधी मार्केट नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/सं.क्रं. 5/2024-25/ एम .101 दिनांक - 29/01/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री अनिल कुमार सोनी, पिता- रामलाल सोनी** ने भवन क्रं. 995 **वार्ड कस्तुरबा गांधी वार्ड,** क्षेत्रफल 137 व.फु., भूतल 137 व.फु. व्यावसय, **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा भवन क्रं. 995 पर नामांतरण हेतु, पंजीकृत स्वामी श्री आशीष अहिरवार, पिता- श्री खेलन अहिरवार, भवन क्रं. 995 पिन नं. 42001698/ 1002147362 पर जिस किसी को उक्त में प्रमाण सहित आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-05** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-5,संजय गांधी मार्केट नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-08,भानतलैया नगर निगम जबलपुर**

क्रं.सं.अधि/08/भान./2024-25/.... दिनांक- 20.01.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री तरण चौरसिया, पिता- जागेश्वर प्रसाद** ने भवन/ क्रमांक 207,208 **वार्ड हनुमानताल वार्ड,** क्षेत्रफल 408 व.फु., भूतल 408 व.फु., प्रथमतल 408 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 207,208 पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-08 भानतलैया** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-08 भानतलैया नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-08,भानतलैया नगर निगम जबलपुर**

क्रं.सं.अधि/08/भान./2024-25/.... दिनांक- 20.01.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती कृष्णा बाई सोनी, पति- स्व. श्री फूलचंद** ने भवन/ क्रमांक 844 **वार्ड हनुमानताल वार्ड,** क्षेत्रफल 150 व.फु., भूतल 150 व.फु., प्रथमतल 150 व.फु., **शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 844 पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-08 भानतलैया** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-08 भानतलैया नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-08,भानतलैया नगर निगम जबलपुर**

क्रं.सं.अधि/08/भान./2024-25/.... दिनांक- 27.01.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री मारूति नंदन कृष्णकांत, पिता- स्व. श्री जगदीश प्रसाद** ने भवन/ क्रमांक 1740/1 **वार्ड हनुमानताल वार्ड,** क्षेत्रफल 450 व.फु., भूतल 450 व.फु., 150 व.फु. कमर्शियल, 300 व.फु. रहवास, प्रथमतल 450 व.फु., द्वितीयतल 450 व.फु. , **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 1740/1 पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-08 भानतलैया** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-08 भानतलैया नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-08,भानतलैया नगर निगम जबलपुर**

क्रं.सं.अधि/08/भान./2024-25/.... दिनांक- 27.01.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती अर्चना शर्मा, पति- सत्येन्द्र शर्मा** ने भवन/ क्रमांक 465 से 471 भाग **वार्ड हनुमानताल वार्ड,** क्षेत्रफल 221 व.फु., भूतल 221 व.फु. कमर्शियल , **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 465 से 471 भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-08 भानतलैया** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-08 भानतलैया नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-08,भानतलैया नगर निगम जबलपुर**

क्रं.सं.अधि/08/भान./2024-25/.... दिनांक- 27.01.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री मो. हुसैन अली, पिता- स्व. श्री नादे अली** ने भवन/ क्रमांक 49 हिस्सा **वार्ड हनुमानताल वार्ड,** क्षेत्रफल 1425 व.फु., भूतल 1425 व.फु. , **शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 49 हिस्सा पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-08 भानतलैया** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-08 भानतलैया नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-08,भानतलैया नगर निगम जबलपुर**

क्रं.सं.अधि/08/भान./2024-25/.... दिनांक- 15.01.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री रवि कोरी, पिता- दीपक कोरी** ने भवन/ क्रमांक 917/1 टी हिस्सा **वार्ड राधाकृष्ण वार्ड,** क्षेत्रफल 485 व.फु., भूतल 485 व.फु. खपरैल, **बटवारानामा,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 917/1 टी हिस्सा पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-08 भानतलैया** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-08 भानतलैया नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-08,भानतलैया नगर निगम जबलपुर**

क्रं.सं.अधि/08/भान./2024-25/.... दिनांक- 20.01.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **1. श्री शब्बीर हुसैन, 2. श्री मो. अली, पिता- तफज्जुल हुसैन** ने भवन/ क्रमांक 273 **वार्ड हनुमानताल वार्ड,** क्षेत्रफल 860 व.फु. प्लाट, **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 273 पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-08 भानतलैया** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-08 भानतलैया नगर निगम जबलपुर**

स्वात्ताधिकारी मुद्रक प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा मकान नंबर 358 साठियां कुआं जबलपुर से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा। मो.नं. 9300696096, भोपाल 9425025999